# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 29 मई 2024


# भारतीय राजदूत बोले- तनाव जरूर था लेकिन हमारे देश के किसी छात्र के साथ कुछ नहीं हुआ

**भारतीय राजदूत अरुण कुमार चटर्जी से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

किर्गिस्तान में किसी भारतीय छात्र के साथ कोई घटना या हिंसा नहीं हुई। यह देश हमेशा से भारतीयों के लिए सुरक्षित रहा है। हमेशा सुरक्षित ही रहेगा, यह मैं भरोसा दिलाता हूं। यहां की पुलिस, यहां का प्रशासन सब भारतीयों के लिए दोस्ताना हैं। ऐसे में कोई खतरा हमें महसूस नहीं होता। यह बातें किर्गिस्तान में भारतीय राजदूत अरुण कुमार चटर्जी ने हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि किर्गिस्तान हमेशा से भारत के लिए सुरक्षित रहा है। किसी भी विद्यार्थी के पालकों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। प्रस्तुत हैं चर्चा के प्रमुख अंश:

- *कितने तनाव में हैं और कितने परेशान हैं आप?*
- किसी भी तरह के तनाव में फिलहाल नहीं हैं। इस समय स्थिति बिल्कुल सामान्य है।
- *अगर तनाव नहीं है तो भारत में 17 हजार विद्यार्थियों के मां-बाप परेशान हो गए, आखिर कारण क्या रहा?*
- जब 13 मई को घटना घटी उसका तो पता नहीं चला, लेकिन 17 मई को जब घटना हुई तो हमारे पास खबर आई कि शहर में स्थिति नाजुक बनी हुई है। हमें जानकारी मिली पहले 13 मई को जो घटना घटी थी, उससे इस घटना का संबंध है। बाद में सोमवार, मंगलवार तक स्थिति काबू में आ गई। हमारी लगातार स्थानीय प्रशासन से बात होती रही। उन्होंने हमसे कहा, देखिए चिंता न करें, हम सारे बच्चों की सुरक्षा की ध्यान रखे हुए हैं। लेकिन हुआ यह कि सोशल मीडिया में तरह-तरह की सूचनाएं आई इसके कारण भारत में विद्यार्थियों के परिजनों को चिंता हुई। हमारे पास भी भारत से फोन आने लगे। पहले हमारे पास एक नंबर था, ज्यादा फोन आने लगे तो एक और नंबर दिया गया। इन लाइनों से हम लगातार छात्रों और उनके परिजनों के संपर्क में बने रहे।



*किर्गिस्तान के लोग भारतीय संस्कृति से प्यार करते हैं, यहां किसी को कोई परेशानी नहीं है*

- *स्थानीय प्रशासन का दावा है एक भी मौत नहीं हुई है, किसी का रेप नहीं हुआ है, किसी भारतीय को कोई चोट नहीं आई है, जो भी 29 घायल हुए हैं वो दूसरे देशों के है, कितनी सच्चाई है इन दावों में?*
- हमारे पर ऐसी कोई सूचना नहीं आई है कि किसी भारतीय के साथ कुछ हुआ है। हमारे पास जो खबर आई उसमें भी यही था कि हमारे विद्यार्थियों के साथ कुछ नहीं हुआ है वो सभी सुरक्षित हैं। बच्चे हमें फोन करते थे, वो पैनिक थे। हमें जानकारी मिलती थी कि कोई परेशानी में है तो हम लोकल प्रशासन को सूचना देते थे, वहां तत्काल पुलिस पहुंचकर मदद भी करती थी।
- *भारतीयों के लिए यह देश कितना अनुकूल है?*
- बहुत ही अनुकूल देश है। दिल्ली से महज ढाई घंटे की दूरी पर है। आम आदमी भी भारतीयों के लिए अच्छा नजरिया और सम्मान है। भारतीय संस्कृति से भी यहां बहुत लोग प्यार करते हैं। हमारे यहां योग की क्लास चलती है। कथक सीखते हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर









## खबर संक्षेप

### डीयू में प्रवेश के लिए सीएसएएस पोर्टल



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के स्नातक प्रवेश के लिए मंगलवार को साझा सीट आवंटन प्रणाली शुरू की। विवि इस वर्ष से प्रत्येक पाठ्यक्रम में अतिरिक्त सीट के तहत एकल कन्या संतान छात्राओं को दाखिला देगा। डीन (प्रवेश) हनीत गांधी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छात्रों के पंजीकरण के लिए सीएसएएस वेबसाइट शुरू की गई है।

### सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी।

### बाइक-जीप की टक्कर तीन युवकों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सोमवार रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य झुलस गए। यह हादसा एक बाइक व जीप की टक्कर के कारण हुआ। फलासिया थाना क्षेत्र के उदयपुर-आबू रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक उस जीप से जा टकराई जिसमें बाराती सवार थे। बाइक पर सवार तीन दोस्त युवक पास ही कहीं जा रहे थे। हादसे में, बाइक पर सवार सुनील, राहुल और दीपक (उम्र 18-20 वर्ष) की सिर में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

## सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 25 किमी. प्रतिघंटे रही गर्म हवा की गति

# गर्मी का रौद्र रूप, मुंगेली 47, महासमुंद 46 डिग्री से ज्यादा, रायपुर में भी बरसी आग, अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*नवतपा के चौथे दिन गर्मी ने छत्तीसगढ़ में अपना रौद्र रूप दिखाया है। बस्तर को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में ग्रीष्मलहर की स्थिति बनी रही। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक उत्तर-पश्चिम की गर्म हवा 25 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रही और लोग तेज गर्मी से झुलसते रहे। मुंगेली का सर्वाधिक तापमान 47.3, महासमुंद का 46.7 डिग्री दर्ज किया गया है। अगले दो दिन तक हीटवे का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही रात में भी तापमान अधिक होने की वजह से गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं।*

नवतपा के दूसरे दिन से गर्मी का तेज असर छत्तीसगढ़ में महसूस हो रहा है और तापमान 43 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। तभी से राज्य में राजस्थान की शुष्क और गर्म हवा का प्रवेश हो रहा है, जिसकी गति मंगलवार को काफी अधिक थी। तेज रफ्तार की हवा के प्रभाव से सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के लगभग सभी जिले गर्म हवा की चपेट में आ गए और यहां लू का अलर्ट जारी किया गया।

बस्तर पहुंचने तक हवा की गति कम हो चुकी थी, इसलिए वहां पारा अधिक नहीं चढ़ पाया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी उत्तर-पश्चिम की हवा को रोकने किसी तरह का सिस्टम नहीं है, इसलिए राज्य में गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। मौसम विभाग द्वारा गर्मी के ▶▶ शेष पेज 6 पर



इतनी तपिश में नंगे पांव

**तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 45.8 | + 4 |
| माना | 46.0 | +4 |
| बिलासपुर | 46.4 | +3 |
| पेंड्रा | 45.0 | +5 |
| अंबिकापुर | 43.5 | +3 |
| जगदलपुर | 38.5 | 0 |
| राजनांदगांव | 45.0 | +2 |

### इन इलाकों में लू का अलर्ट

मौसम विभाग द्वारा 29 और 30 मई को बिलासपुर, जीपीएम, कोरिया, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सारंगढ़, बिलाईगढ़, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान, मोहला-मानपुर, रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा एवं कबीरधाम के जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।



### ज्यादा बदलाव नहीं

प्रदेश में शुष्क और गर्म हवा का लगातार प्रवेश हो रहा है। अगले 48 घंटे के मौसम में किसी तरह का बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। मध्य छत्तीसगढ़ में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है।

– एचपी चंद्रा, मौसम विशेषज्ञ

### धूप में होता रहा जलन का अहसास

राजधानी रायपुर में आज गर्मी ने अपना जोरदार असर दिखाया। सुबह दस बजे से ही धूप की तेजी महसूस होने लगी थी और 12 बजने तक गर्मी अपने रौद्र रूप में आ चुकी थी। दोपहर के बाद सड़कों पर आवाजाही के दौरान तेज धूप की वजह से शरीर में जलन का अहसास हो रहा था। राजधानी में पिछले दो दिन से पारा 43 डिग्री से अधिक था जो मंगलवार को 46 डिग्री के करीब पहुंच गया।


**भीषण गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड**

### चुरू में पारा 50 डिग्री पार

राजस्थान में भीषण गर्मी और हीट वेव का दौर जारी है। मंगलवार को राजस्थान में पिछले छह सालों की गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया। प्रदेश के चूरू में आज पारा 50 डिग्री को पार कर गया, जो बीते छह वर्षों में सबसे अधिक है। राज्य में गर्मी के ऐसे हालत हैं कि हीट स्ट्रोक के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि नौतपा के चौथे दिन में राजस्थान में तापमान 50 डिग्री के ऊपर पहुंच गया। चुरू में आज सबसे अधिक 50.05 डिग्री तापमान रहा। गंगानगर में 49.4, पिलानी में 49.0, फलौदी में 49.0, बीकानेर में 48.3, कोटा में 48.2, जैसलमेर में 48.0, जयपुर में 46.6 और बाड़मेर में 46.0 डिग्री तापमान आज दर्ज किया गया। आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि हमने एडवाइजरी जारी है, साथ ही उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम में 6 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। मंत्री किरोड़ी लाल ने बताया कि मैं इन मुद्दों को मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

**नेवई थाना क्षेत्र की घटना**

# स्टंटबाजी के चक्कर में बाइक की टक्कर तीन की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टंटबाजी के चक्कर में दो बाइक आपस में टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि उमरपोटी में सोमवार की रात 8.30 बजे की घटना है। यहां कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश सिन्हा अपने दोस्त दिलीप निषाद के साथ पैशन बाइक में सवार होकर उमरपोटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान स्टेशन मरोदा निवासी जीतू निषाद अपने दो दोस्तों के साथ उमरपोटी की ओर जा रहा था। तभी जीतू ने पल्सर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पहले भी हो चुकी कार्रवाई

मौके पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद तीनों युवकों ने दम तोड़ दिया। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक जीतू निषाद को स्टंटबाजी करने के आरोप में ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई भी कर चुकी है। मृतक युवकों के शव का पीएम के लिए भेजा गया है। उसके बाद शवों को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया है।

### अंधा मोड़ बना हादसे की वजह

बताया जा रहा है कि जहां पर हादसा हुआ है, वहां अंधा मोड़ है। पल्सर चालक जिस रफ्तार में अपनी बाइक चला रहा था, इस कारण हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**बिना पंजीयन नो एंट्री**

# चारधाम यात्रा : 650 से अधिक श्रद्धालु बद्रीनाथ के दर्शन किए बिना ही लौटे

एजेंसी ▶▶ गोपेश्वर

भगवान बद्री विशाल के दर्शन के लिए आए 650 से अधिक श्रद्धालु दर्शन किए बिना ही वापस लौट गए हैं। बिना पंजीकरण के पहुंचे इन यात्रियों को चमोली जिले की सीमा से ही वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यहां बताया कि चारधामों के दर्शन के लिए पंजीकरण अनिवार्य है लेकिन ये यात्री पंजीकरण के बिना ही बद्रीनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि चमोली पुलिस ने जिले की सीमा पर बनी गौचर 'चेकपोस्ट' से ही उन्हें वापस कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले दस दिनों में बद्रीनाथ आने वाले 120 वाहनों को गौचर 'चेकपोस्ट' से वापस कर दिया गया क्योंकि इनमें सवार 650 से अधिक यात्रियों का पंजीकरण नहीं था। इसी अवधि में बिना पंजीकरण सवारियों को ले जाने वाले पांच वाहन मालिकों के विरुद्ध भी पुलिस ने कार्रवाई की। ▶▶ शेष पेज 6 पर



### होल्डिंग पॉइंट पर 3 हजार श्रद्धालु मौजूद

वर्तमान में ऋषिकेश हरिद्वार के होल्डिंग प्वाइंट में लगभग 3000 श्रद्धालु मौजूद हैं, जिन्हें धामों में भेजा जा रहा है। चारधाम से सभी श्रद्धालु यात्रा के पश्चात सकुशल वापस लौट रहे हैं। यात्रा मार्ग एवं धामों में सभी व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं इसलिए हरिद्वार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पुनः आरंभ किया जा रहा है। भविष्य में श्रद्धालुओं की निरंतर बढ़ती संख्या के समाधान के लिए राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा से संबंधित जिलाधिकारियों को नए ठहराव स्थलों को चिह्नित करने के साथ ही वहाँ पर पार्किंग स्थलों को विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

### हर दिन पहुंचे रहे 20 हजार तीर्थयात्री

औसतन बीस हजार से अधिक तीर्थयात्री रोजाना बद्रीनाथ पहुंच रहे हैं। चमोली पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्री पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा पर आएं। उसने कहा कि बिना पंजीकरण के जिले में आ रहे वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# पीड़िया नक्सल मुठभेड़ में ग्रामीणों की कथित हत्या के विरोध में बस्तर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सर्व आदिवासी समाज के बंद का पूरे संभाग में दिखा असर

सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर बस्तर संभाग में बंद का व्यापक असर दिखाई पड़ा। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल में भी कारोबार ठप रहा। बीजापुर जिले के ग्राम पीड़िया में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 12 की मौत हुई थी। सर्व आदिवासी समाज की 58 सदस्यीय टीम 17 मई को गांव पहुंची, जहां बताया गया कि पीड़िया के ▶▶ शेष पेज 6 पर



### पीड़ितों से मिला दल

बंद को लेकर संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बताया कि पीड़िया जाकर समाज का 58 सदस्यीय दल पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से मिला, जहां बताया गया कि निर्दोष ग्रामीणों की पुलिस जवानों ने हत्या की है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज मंगलवार को अपने गृहग्राम लोहण्डीगुड़ा में थे। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इसलिए रखा गया बंद

बीजापुर जिले के ग्राम पीड़िया में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 12 की मौत हुई थी। सर्व आदिवासी समाज की 58 सदस्यीय टीम 17 मई को गांव पहुंची, जहां बताया गया कि पीड़िया के जंगल में तेंदूपत्ता बिनने गए लोगों को मार दिया गया। बताया गया कि मारागुमेड तेंदूपत्ता खरीदी फड़ में ▶▶ शेष पेज 6 पर

**केंद्र के अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर कैट ने दिया था बहाली का आदेश**

# जीपी की ज्वाइनिंग का रास्ता साफ राज्य ने केंद्र को भेजी स्टेटस रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आईपीएस जीपी सिंह को कैट से मिली राहत के बाद अब उनकी ज्वाइनिंग का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने केंद्र को ज्वाइनिंग स्टेट्स संबंधी रिपोर्ट भेज दी है। रिपोर्ट में राज्य सरकार ने ज्वाइनिंग को लेकर सहमति दी है। उसके बाद माना जा रहा है कि केंद्र से आदेश मिलते ही जीपी सिंह की ज्वाइनिंग करा दी जाएगी।



*महाधिवक्ता की समीक्षा के बाद केंद्र को भेजा गया सहमति का पत्र*

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जीपी सिंह के खिलाफ गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए थे। इनमें राजद्रोह से लेकर अवैध धन वसूली तक के आरोप शामिल थे। इन मामलों में महीनों तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद श्री सिंह रिहा हुए थे। बाद में उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर सेवा से बाहर कर दिया गया था। इस मामले को लेकर वे कैट की शरण में गए थे। ▶▶ शेष पेज 6 पर

**दिल्ली से वाराणसी जाने वाले विमान में बम की अफवाह**

# कागज पर लिखा था-'साढ़े पांच बजे बम', मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी के लिए उड़ान भरने वाले 'इंडिगो' के एक विमान में बम होने की मंगलवार सुबह मिली धमकी अफवाह साबित हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बम होने की धमकी मिलने के बाद प्राधिकारियों ने विमान में सवार चालक दल के सभी कर्मियों एवं 176 यात्रियों को बाहर निकालकर तलाशी अभियान शुरू किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'वाराणसी जाने वाली 'इंडिगो' की एक उड़ान के शौचालय में एक कागज मिलने की सूचना प्राप्त हुई। कागज पर लिखा था- 'साढ़े पांच ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बम की खबर से कांप गए थे यात्री

जांच के बाद फ्लाइट ने टेक ऑफ किया और वाराणसी पहुंची। वाराणसी पहुंचे यात्रियों ने बम की सूचना के बाद हड़कंप मचने की पूरी दास्तां बयां की। कुछ यात्रियों ने बताया कि बम की खबर सुनकर हाथ-पांव कांप गए। कुछ यात्री आपातकालीन गेट से कूद गए।

### आपातकालीन गेट से बाहर निकाले यात्री

विमान में 176 यात्री सवार थे। यात्रियों को आपातकालीन गेट से बाहर निकाला गया। इसके बार विमान को एक सुनसान हिस्से में ले जाया गया और सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में यात्रियों को इमरजेंसी दरवाजे से फ्लाइट से बाहर निकाला जा रहा है। साथ ही फ्लाइट में लगातार अलार्म बज रहा है।

### बाथरूम में मिला था बम लिखा नोट

मौके पर मौजूद सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उड़ान भरने से पहले इंडिगो के चालक दल को विमान के शौचालय में एक नोट मिला था। इस पर 'बम' लिखा हुआ था। इसको लेकर सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर दिल्ली से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई2211 के शौचालय में एक टिशू पेपर मिला था, जिस पर 'बम' शब्द लिखा हुआ था, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने निरीक्षण किया था।


गर्मी की छुट्टियों का आनंद लें
गॉस मेमोरियल मैदान में
आज से भव्य
॥ शुभारंभ ॥
शुरू हो गया अब रायपुर में !
फन एण्ड फिश वर्ल्ड
हैण्डलूम और हैण्डीक्राफ्ट मेला
अब तक का सबसे बड़ा मेला फिश टनल के साथ ...
रायपुर में पहली बार
दुबई फिश टनल और एक्वेरियम
मुख्य अतिथि
मा. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
आज दिनांक : 29.05.2024
समय : शाम 7.00 बजे
ORIGINAL DUBAI FISH TUNNEL
स्थान
गॉस मेमोरियल मैदान
आकाशवाणी, काली मंदिर के सामने, सिविल लाइन्स, रायपुर

रायपुर
बुधवार, 29 मई 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 22, अंक : 310
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 45.8
न्यून. 30.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 दुनिया को दिखाई अपनी डायमंड की रिंग...



विचार पेज
04 मंडेला की एएनसी पर संकट

# स्नातकोत्तर में उत्तीर्ण होने अब 36 नहीं, बल्कि चाहिए 40%, प्रतिशत की जगह मिलेंगे ग्रेड, स्टडी ब्रेक भी

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत फैसला, रविवि में ऑर्डिनेंस बदलाव संबंधित आपातकालीन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

- एक साल पीजी की पढ़ाई के बाद ले सकेंगे ब्रेक, एक वर्ष बाद मिलेगा पोस्ट ग्रेज्यूएट डिप्लोमा

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने में मात्र 15 दिन ही शेष है। इसके पहले ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए ऑर्डिनेंस में किए जाने वाले बदलाव संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालयों द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नवीन अध्यादेश तैयार किए जा रहे हैं। रविवि में भी अध्यादेश में संशोधन संबंधित आपातकालीन बैठक मौजूदा सप्ताह में आयोजित की गई। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न प्रावधानों में बदलाव संबंधित नियम पारित किए गए हैं। यह प्रस्ताव अब शासन को भेजा जाएगा।

पारित किए गए प्रस्ताव के मुताबिक अब स्नातकोत्तर में उत्तीर्ण होने के लिए 36% के स्थान पर 40% अंक हासिल करने होंगे। यही नहीं अब अंकों की गणना प्रतिशत में ना होकर सीजीपीए अर्थात कम्युलेटिव ग्रेट प्वाइंट एवरेज में होगी। सीजीपीए की गणना करने के लिए फॉर्मूला भी तैयार कर लिया गया है। सीजीपीए के आधार पर छात्रों को ओ अर्थात आउटस्टैंडिंग सहित ए, बी, सी व अन्य ग्रेड दिए जाएंगे।

### जितनी ज्यादा कक्षा, उतने अधिक क्रेडिट अंक

कक्षा में छात्रों की उपस्थिति को प्रमोट करने के लिए अब क्रेडिट अंक का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत घंटे के हिसाब से छात्रों को क्रेडिट अंक दिए जाएंगे। अर्थात छात्र जितने अधिक घंटे कक्षा में रहेंगे उन्हें उतने अधिक क्रेडिट अंक मिलेंगे। ना सिर्फ कक्षा में उपस्थिति बल्कि इंटर्नशिप सहित कई अन्य चीजों के लिए भी क्रेडिट अंक तय किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है ताकि सैद्धांतिक परीक्षा के स्थान पर अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्यों को प्राथमिकता मिल सके और विद्यार्थी सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा प्रायोगिक ज्ञान भी हासिल कर सके।




### एक साल के बाद ब्रेक का प्रावधान

वर्तमान में स्नातकोत्तर के छात्रों को लगातार दो वर्षों तक परीक्षा दिलानी होती थी। यदि किसी छात्र द्वारा पढ़ाई बीच में छोड़ दी जाती है, तो उसे पुनः प्रारंभिक कक्षा से शुरुआत करनी पड़ती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। छात्र एक साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद ब्रेक ले सकेंगे। इसके बाद यदि वे दोबारा पढ़ाई शुरू करना चाहे तो उन्हें प्रथम सेमेस्टर की जगह सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। एक साल की पढ़ाई करने के बाद छात्रों को पोस्ट ग्रेज्यूएट डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। स्टडी ब्रेक को लेकर भी प्रावधान किए जा रहे हैं। निर्धारित समय-सीमा से अधिक लंबा ब्रेक छात्र नहीं ले सकेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## मिजोरम में बड़ा हादसा, रेमल चक्रवात के असर से मूसलाधार बारिश

# ऊपर खदान धंसी, नीचे पत्थरों से दब गए मकान, 17 की मौत, कई लापता

एजेंसी ▶▶| आइजोल

- भारी बारिश और भू-स्खलन से मिजोरम में 25 लोगों की मौत
- इमारत बह गई, तीन लापता, देश के बाकी हिस्सों से कटा आइजोल

*मिजोरम के आइजोल जिले में 'रेमल' चक्रवात के प्रभाव से मूसलाधार बारिश हो रही है। ऐसे में मंगलवार सुबह पत्थर की खदान ढहने से दो नाबालिग समेत कम के कम 17 लोगों की मौत हो गई जबकि छह-सात अन्य लोग लापता हो गए। भारी बारिश के चलते रेस्क्यू में बाधा आ रही है, ऐसे में कई मजदूरों के फंसे होने का अंदेशा जताया गया है। इधर, राज्य की राजधानी के दूसरे इलाकों में भी भूस्खलन के चलते कई अन्य लोग लापता हो गए हैं।*

घटना आइजोल शहर के दक्षिणी बाहरी हिस्से में स्थित मेल्थम और ह्लिमेन के बीच के इलाके में सुबह करीब छह बजे हुई। मिजोरम के पुलिस महानिदेशक अनिल शुक्ला ने बताया, हमने अब तक 17 शव बरामद किए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि छह-सात और लोग अब भी मलबे में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा।

एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत बह गई, जिसके बाद तीन लोग लापता हो गए, और उनकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से अलग हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान ढहने और बारिश ▶▶| शेष पेज 6 पर



### दो साल पहले भी हुआ था ऐसा हादसा

मिजोरम में ठीक ऐसा ही एक हादसा दो साल पहले भी हो चुका है। प्रदेश के हनथियाल जिले में 14 नवंबर 2022 को एक पत्थर की खदान ढह गई थी। खनन के दौरान कई बड़े-बड़े पत्थर ऊपर से टूटकर मजदूरों पर गिर पड़े थे, जिसके मलबे के ढेर में 12 मजदूर दब गए थे।



### असम में चार की मौत

असम में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। इसमें चार की मौत हो गई। इस आपदा में एक कॉलेज के छात्र की मौत हो गई।

### बंद रहेंगे स्कूल

इसके अलावा, कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से बाधित हुए हैं। बारिश के कारण, सभी स्कूल बंद कर दिए गए और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों को छोड़कर सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है।

### 30 परिवारों का रेस्क्यू

इस बीच, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आइजोल से लगभग 21 किलोमीटर दूर सैरांग गांव में तलावंग नदी में अभूतपूर्व बाढ़ के कारण 30 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, नदी के किनारे स्थित कई खेत पानी में डूब गए हैं। जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आइजोल शहर में, कुछ कब्रिस्तान भी भूस्खलन से बह गए हैं, और 150 से अधिक कब्रें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### बारिश के कारण बचाव अभियान हो रहा प्रभावित

भारी बारिश के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण राज्य में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है। मिजोरम के डीजीपी ने कहा कि पुलिस के जवान बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे गुजरात से मुंबई आने वाली ट्रेन प्रभावित हुईं। घटना शाम करीब 5.10 बजे हुई और इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रेन पनवेल जा रही थी और उस पर लोहे के तार के बंडल लदे थे।

### लिलुआ स्टेशन पर पटरी से उतरी लोकल ट्रेन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हावड़ा जिले के लिलुआ स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक खाली लोकल ट्रेन के पटरी से उतर जाने से अन्य ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। यह घटना सुबह सात बजकर पांच मिनट पर उस दौरान हुई थी जब ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा था।

### उपमुख्यमंत्री के आवास पर बम विस्फोट की धमकी



**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है।

### चेक डैम में डूबने से तीन लड़कों की मौत



**जगराम।** आंध्र प्रदेश के जगराम में चेक डैम में नहाते समय तीन लड़के डूब गए। हादसा विजयनगरम जिले के जगराम गड्डा में हुआ। विजयनगरम के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी आर. गोविंद राव ने कहा कि तीनों किशोर चेक डैम में तैरने गए थे और इस घटना में कोई साजिश होने की आशंका नहीं है।

### औद्योगिक परिसर में आग लगने से छह झुलसे



**मुंबई।** धारावी झुग्गी-बस्ती इलाके में स्थित एक औद्योगिक परिसर में आग लगने से कम से कम छह लोग झुलस गए। घायलों को पास के सायन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इन लोगों की हालत स्थिर बताई जा रही है। धारावी इलाके के काला किला में स्थित अशोक मिल परिसर में आग लगी थी।

## पांच दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमिका से किया गैंगरेप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

- तीन नाबालिग समेत 6 गिरफ्तार

प्रेमिका को गांव के डेम के पास बुलाकर प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ प्रेमिका से दुष्कर्म किया। प्रेमिका केरल में काम करने गई थी, जिसे प्रेमी ने मिलने बुलाया था। मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, दुलदुला थाना क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 6 पर

### डेम के पास प्रेमी ने बुलाया

युवती के फोन में नेटवर्क नहीं होने से उसने अपनी एक दोस्त से मोबाइल मांगा। दोस्त के मोबाइल से ही दिनभर वह रसल कुजूर से बात करती रही। उसी दिन रात्रि करीब 7-8 बजे प्रेमी रसल कुजूर से मोबाइल से बात हुई तो प्रेमी ने उसे एक गांव के डेम के पास बुलाया।

## अंबिकापुर से घर लौट रहे थे तीनों ग्रामीण

# ट्रक से टकराई बाइक, दो भाइयों समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनपुर



मंगलवार की देर शाम एनएच 130 पर बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से टकराकर दो भाइयों समेत तीन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया व परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि ग्राम बेलदगी निवासी 40 वर्षीय पवन पिता सूदन दास, अपने भाई 45 वर्षीय लाल दास पिता मोती दास व ग्राम कोसंगा निवासी घुरसाय पिता राजभगत कंवर के साथ बाइक से अंबिकापुर गया हुआ था। तीनों ग्रामीण देर शाम अपने घर लौट रहे थे।

# लाखों की गड़बड़ी व फर्जीवाड़ा करने वाले प्रबंधक पर केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेतगंगा/मुंगेली

सेवा सहकारी समिति तरवरपुर में वर्ष 2019 में धान खरीदी में लाखों की गड़बड़ी एवं फर्जीवाड़ा करने वाले तत्कालीन प्रबंधक के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जुर्म दर्ज किया है। समिति के पदाधिकारियों ने थाने में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर कोर्ट में परिवाद पेश किया था, जिस पर कोर्ट ने एफआईआर के आदेश दिए। बता दें कि समिति के पदाधिकारियों ने तत्कालीन समिति प्रबंधक नेतराम साहू द्वारा बचे 900 क्विंटल धान बेचकर राशि गबन करने, खाद के लिए 1.3 लाख का चेक जारी करने करने में अध्यक्ष एवं प्रबंधक के संयुक्त साईन में अध्यक्ष का फर्जी साइन करने, चौकीदार की भर्ती कर उसका वेतन निकालकर गबन करने, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### फर्जी साइन से जारी किया चेक

नेतराम साहू ने चेक क्रमांक 172891 एवं 172892 से 15 जून 2021 को जिला सहकारी बैंक सेतगंगा में किसानों के खाद के नाम पर फर्जी साइन से 11 लाख 68 हजार एवं 1 लाख 71 हजार का चेक जारी किया था। प्रबंधक के अलावा अन्य गड़बड़ी करने वालों की विवेचना जारी है। दो साल पहले मामले में जांच दल भी गठित हुआ था। मदनपुर में कुल 1250 क्विंटल धान कम पाया गया था। इस तरह के कई गंभीर आरोप पर फास्टरपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

### एफआईआर दर्ज

तरवरपुर समिति में लाखों की गड़बड़ी एवं फर्जीवाड़ा करने वाले प्रबंधक पर फास्टपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।
**-हितेश श्रीवास**, सहायक आयुक्त

# खाई में गिरी कार, तीन की मौत...



- पति, पत्नी और बेटी की मौके पर मौत
- बेटा घायल, मंजर देखकर दहले लोग



**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के स्याल्दे विकासखंड में भिकियासैंण–देघाट सड़क पर चौनिया बैंड के पास एक कार 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में डॉक्टर पति, स्टाफ नर्स पत्नी, आठ साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 साल का बेटा घायल हो गया। रुड़की से देघाट सीएचसी में तैनात डॉक्टर पत्नी और बच्चों को छोड़ने जा रहा था। बीते सोमवार को रुड़की में निजी क्लीनिक संचालित करने वाले सावत शिवालय लाइन, दिल्ली रोड निवासी डॉ. मुनेंद्र सिंह पुत्र ईश्वर सिंह अपनी पत्नी शशि, बेटी अदिति और बेटे आदि के साथ घर से देघाट को रवाना हुए।

## भवन अनुज्ञा का मामला

# आठ हजार की रिश्वत लेते धरा गया सहायक राजस्व निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



एसीबी ने भवन अनुज्ञा जारी करने ग्रामीण से 8 हजार रुपए रिश्वत लेते जीपीएम सहायक राजस्व निरीक्षक को व्यापार विहार से गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार, बेलगहना निवासी रविशंकर गुप्ता की आवासीय जमीन नगर पंचायत गौरेला में है। वह उक्त जमीन में मकान बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्हें नगर पंचायत गौरला से भवन अनुज्ञा की आवश्यकता थी। उन्होंने नगर पंचायत जीपीएम सहायक राजस्व निरीक्षक अरविंद गुप्ता से संपर्क किया। राजस्व निरीक्षक श्री गुप्ता ने उनसे भवन अनुज्ञा जारी करने के एवज में 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पहले ही तैनात थे अफसर

एंटी करप्शन ब्यूरो के टीआई पौरूष पुर्रे कर्मचारियों के साथ पहले से व्यापार विहार में तैनात हो गए थे। जमीन मालिक श्री गुप्ता ने रिश्वत देते ही इशारा कर दिया। उसके बाद अधिकारियों ने सहायक राजस्व निरीक्षक श्री गुप्ता को रंग युक्त 8 हजार रुपए के साथ पकड़ लिया। एसीबी ने धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## आयकर विभाग ने 31 मई तक का दिया अंतिम समय

# टीडीएस कटौती से बचने पैन से जोड़ना होगा आधार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई तक पैन को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारिती तारीख 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ा जाता है तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। विभाग ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई 2024 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है। आईटी विभाग ने एक अलग पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर को दंड से बचने के लिए 31 मई तक एसएफटी दाखिल करने को भी कहा। विभाग ने कहा, एसएफटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई 2024 है। रिपोर्टिंग संस्थाओं विदेशी मुद्रा डीलर, बैंक, उप-रजिस्ट्रार, एनबीएफसी, डाकघर, बॉन्ड/ऋणपत्र जारीकर्ता, म्यूचुअल फंड वाली कंपनियों का रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है।




### 1000 रुपए तक जुर्माना

एसएफटी रिटर्न दाखिल करने में देरी पर प्रत्येक 'डिफ़ॉल्ट' दिन के लिए 1,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। एसएफटी दाखिल न करने या गलत विवरण दाखिल करने पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है। आयकर विभाग एसएफटी के जरिए किसी व्यक्ति द्वारा किए गए उच्च मूल्य के लेनदेन पर नजर रखता है।

### आयकर विभाग ने की अपील

विभाग ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई 2024 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ें, अगर आपने पहले से नहीं किया है। आईटी विभाग ने एक अलग पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई तक एसएफटी दाखिल करने को भी कहा। विभाग ने कहा, एसएफटी (निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई 2024 है। सही और समय पर दाखिल करके दंड से बचें।

### मुआवजे से व्यक्ति की कमी पूरी नहीं हो सकती, सरकार का प्रयास दुर्घटनाएं रोकने पर हो



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने कहा है कि जब परिवार में कमाने वाला कोई व्यक्ति मर जाता है, उस व्यक्ति की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। आश्रितों और समग्र परिवार के जीवन में शून्यता पैदा हो जाती है और परिवार बर्बाद हो जाता है। राज्य का प्रयास दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवश्यक उपाय करना होना चाहिए। मुआवजे से व्यक्ति की कमी दूर नहीं हो सकती। हादसे रोकने की जरूरत बताते हुए कोर्ट ने कहा है कि संभावनाओं और उपायों को लागू करना चाहिए जो सड़क दुर्घटनाएं रोक सकतीं हैं।




> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार मैदान में हैं। इस हाई प्रोफाइल सीट पर 1 जून को मतदान होगा। मोदी के यहां से चुनाव लड़ने से इस सीट पर देश ही नहीं, बल्कि विदेशी मीडिया की निगाहें हैं। ऐसे में कांग्रेस समेत कई दलों के नेता मोदी को चुनौती देने के लिए मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# कुल 6 उम्मीदवार हैं मैदान पर, 33 का पर्चा हुआ खारिज

## पीएम मोदी की हाई प्रोफाइल सीट वाराणसी पर 1 जून को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी के खिलाफ कुल 41 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था, लेकिन इनमें से 33 उम्मीदवारों का पर्चा खारिज हो चुका है। ऐसे में अब वाराणसी लोकसभा सीट पर कुल 6 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस सीट से पर्चा वापस लेने की अंतिम तारीख 17 मई थी। जिन 33 लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। उनमें हास्य कलाकार श्याम रंगीला का भी नाम शामिल है। वो पीएम मोदी समेत कई नेताओं की मिमिक्री करने के लिए मशहूर हैं। नामांकन रद्द होने पर कामेडियन रंगीला ने प्रशासन पर जमकर आरोप लगाए थे।



### मोदी के प्रतिद्वंद्वी

*पीएम मोदी तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। मोदी ने पिछले दो चुनावों में इस सीट से बड़े अंतर से जीत हासिल की है। मोदी 2019 में 4.8 लाख वोट और 2014 में 3.72 लाख वोटों के अंतर से जीते थे। प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की ओर से अजय राय और बसपा की तरफ से अतहर जमाल लारी मैदान में हैं। अजय राय उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। राय पांच बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। अजय राय ने वाराणसी सीट से 2014 और 2019 में चुनाव लड़ा था, लेकिन मोदी की आंधी में उनको शिकस्त का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस में शामिल होने से पहले अजय राय समाजवादी पार्टी में थे। इससे पहले वो भाजपा में थे। अजय राय 2012 में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इनके अलावा इस सीट पर अपना दल (कमेरावादी) से गगन प्रकाश, युग तुलसी पार्टी के उम्मीदवार कोली शेट्टी शिवकुमार और दो निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार तिवारी और दिनेश कुमार यादव चुनावी मैदान में हैं। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के 7वें चरण में 1 जून को मतदान होगा। गौरतलब है इस लोकसभा चुनाव का यह अंतिम चरण है।*

## वाराणसी लोकसभा सीट का हाल

1991 से वाराणसी लोकसभा सीट पर बीजेपी पर दबदबा रहा है। 1991 के आम चुनाव में यहां पार्टी के कैंडिडेट श्रीश चंद्र दीक्षित जीते थे। 1996, 1998, 1999 तक शंकर प्रसाद जायसवाल यहां से बीजेपी के सांसद थे। हालांकि 2004 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर बड़ा उलटफेर देखने को मिला था. इस सीट कांग्रेस के राजेश कुमार मिश्रा ने जीत हासिल की थी। लेकिन लोकसभा चुनाव 2009 में फिर एक बार यह सीट बीजेपी के खाते में गई. तब मुरली मनोहर जोशी सांसद यहां से बने थे। तब से अब तक यह सीट बीजेपी के खाते में बनी हुई है। 2014, 2019 के आम चुनावों के बाद पार्टी ने तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सीट पर खड़ा किया है।

### वाराणसी लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

वाराणसी लोकसभा सीट पर गैर यादव ओबीसी कुर्मी जाति की संख्या काफी ज्यादा है। संसदीय क्षेत्र के रोहनिया और सेवापुरी में सब्से ज्यादा कुर्मी वोटर हैं। ब्राह्मण और भूमिहार भी संख्या भी काफी अच्छी खासी है। यहां 3 लाख से ज्यादा ओबीसी समुदाय के वोटर हैं। इसमें से 2 लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर हैं। 2 लाख के करीब वैश्य, डेढ़ लाख भूमिहार के अलावा एक लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। वाराणसी में 3 लाख से ज्यादा मुस्लिम वोटरों की संख्या है।

## सोशल मीडिया

### कांग्रेस ने वर्ग विशेष को आरक्षण देने का काम किया : शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- 'कांग्रेस का कहना है कि अगर नरेंद्र मोदी को 400 सीट मिलेगी तो वे आरक्षण को समाप्त कर देंगे।' इस देश की जनता ने पिछले 10 वर्षों में पूर्ण बहुमत दिया है, भाजपा ने कभी आरक्षण को खत्म नहीं किया। कांग्रेस ने कर्नाटक और तेलंगाना में एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को समाप्त कर वर्ग विशेष को पांच आरक्षण देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ग विशेष के आरक्षण को समाप्त कर पूर्व व्यवस्था को बहाल करने का काम किया जाएगा।

### धर्म के आधार पर नहीं दिया आरक्षण : जयराम रमेश



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कर्नाटक सहित वे राज्य जहां उनकी पार्टी की सरकार रही है, वहां कभी भी अल्पसंख्यकों को आरक्षण धर्म के अधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया। हम उस संविधान का पालन करते हैं जो धर्म के आधार पर आरक्षण और नागरिकता देने की अनुमति नहीं देता है। यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है जिसने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम जो धार्मिक आधार पर नागरिकता देने के अलावा और कुछ नहीं है, के जरिए संविधान का उल्लंघन किया है। इसे अदालत में चुनौती दी गई है।'

## 'आपदा में मोदी एक बार भी हिमाचल नहीं आए'

प्रियंका ने लगाया आरोप, बोलीं- चुनी हुई सरकार गिराने की कोशिश हुई



शिमला। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गगरेट में जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपदा के समय एक बार भी हिमाचल नहीं आए। कांग्रेस पैसों व धनबल के लिए नहीं, जनता के लिए काम करती है। आपदा के राहत कार्यों के लिए केंद्र की तरफ से प्रदेश के लिए एक रुपया नहीं आया। मोदी जी ने अपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया। सारी राहत प्रदेश सरकार की ओर से दी गई। प्रियंका ने कहा कि मोदी व अमित शाह ने प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश की। धनबल के साथ चोरों की तरह विधायकों को कभी यहां, कभी वहां छिपाया। यह लोकतंत्र के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध जनता की आंखों के सामने करने की कोशिश हुई। यह हमारे नेताओं की दृढ़ता थी कि सरकार एकजुट रही।

### 10 सालों से देश की जनता को गुमराह किया

प्रियंका ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों से देश की जनता को गुमराह करके रखा है। बेरोजगारी चरम पर है। आज देश में 70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। देश में युवा शिक्षित हैं, लेकिन किसी के पास रोजगार नहीं है। मोदी सरकार के 10 सालों में लोकतंत्र का नामोनिशान नहीं रहा। सरकारें धनबल से गिराई जाती हैं। हर जगह, हर स्तर पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस की सरकारें लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सपा को पूर्वांचल में बड़ा झटका पूर्व मंत्री नारद राय जाएंगे भाजपा

'भाजपा के लिए पूरी ताकत से करेंगे प्रयास'



लखनऊ। पूर्वांचल की बलिया लोकसभा सीट के लिए सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए महज तीन दिन का समय बचा है और वोटिंग में केवल चार दिन। मतदान इतना करीब है और समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे पूर्व मंत्री नारद राय ने पार्टी छोड़ने, बीजेपी जॉइन करने का ऐलान कर दिया है। बलिया के बड़े नेताओं में गिने जाने वाले नारद ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट कर यह ऐलान कर दिया है। अमित शाह से मुलाकात के बाद खास बातचीत में नारद राय ने कहा कि 40 साल का साथ था जो आज छोड़ दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया और कहा कि मेरी गलती यह है कि अखिलेश और मुलायम में मुलायम को चुना।

### बलिया के बड़े भूमिहार नेताओं में होती गिनती

नारद राय बलिया सदर विधानसभा सीट से विधायक और यूपी में सपा की सरकारों में मंत्री रहे हैं। उनकी गिनती बलिया के बड़े भूमिहार नेताओं में होती है। ये पहला मौका नहीं है जब नारद का सपा से मोहभंग हुआ हो. खुद को जनेश्वर मिश्रा का शिष्य, राजनारायण की परंपरा का राजनेता बताने वाले नारद राय ने 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले भी पार्टी छोड़ी थी। नारद ने तब बसपा जॉइन की थी। नारद बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे लेकिन बीजेपी के आनंद स्वरूप शुक्ल से मात मिली।

भाजपा और शिअद भी इस बार अलग-अलग लड़ रहे हैं चुनाव

# पंजाब में इंडी गठबंधन के कांग्रेस व आप के बीच होगा चुनावी दंगल

*पंजाब में 13 लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होगा। पंजाब के लोकसभा चुनाव पर सबकी नजरें होंगी, जहां किसानों की नाराजगी झेलते हुए भाजपा, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अकेले दम पर चुनावी जंग में कूदे हैं। कांग्रेस और आप विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद अलग -अलग चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

पिछले चुनाव में भाजपा और अकाली दल राजग गठबंधन में चुनाव लड़े थे, लेकिन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के दौरान किसानों का पक्ष लेते हुए अकाली दल राजग से अलग हो गया था, लेकिन केंद्र में भाजपा के साथ किसानों की नाराजगी उसके लिए भी कम नहीं है। किसानों के आंदोलन जमीन पर अब इन सभी सियासी दलों ने किसानों की मांगों पर फोकस को रखकर चुनावी मैदान में कदम रखा है। पंजाब में ऐसा पहली बार है जब भाजपा अकेले दम पर सभी सीटों पर चुनाव मैदान में हैं। अब देखना है कि इन चारों दलों के 52 प्रत्याशियों के बीच चुनावी जंग चतुष्कोणीय मुकाबले में किस-किस दल के 13 सांसद चुनावी जंग जीतकर लोकसभा में दाखिल होते है, यह चुनावी नतीजे ही तय करेंगे।



### अन्य राज्यों से अलग तासीर

देश की लोकसभा के लिए पंजाब में लोकसभा की सियासी जंग अन्य राज्यों से एकदम अलग देखी जा रही है। भाजपा की केंद्र सरकार किसानों के आंदोलन के बाद तीनों कृषि कानूनों को स्थगित करके एमएसपी की कानूनी गारंटी पर समिति गठित करने तक की प्रक्रिया अपना चुकी है, लेकिन राजग से अलग हुई पंजाब के प्रमुख दल शिरोमणि अकाली दल के साथ पंजाब में सत्तारूढ़ रही कांग्रेस और मौजूदा आप सरकार भी किसानों की 23 फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी के सब्जबाग दिखा चुकी है। मसलन अभी तक ये चारो प्रमुख दल किसानों की कसौटी पर खरे नहीं उतर सके, तो जाहिर सी बात है इन लोकसभा चुनाव में इनके सामने किसानों को साधने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को होने वाले चुनाव में पंजाब में वैसे तो 328 प्रत्याशी हैं, लेकिन सभी सीटों पर चुनावी मुकाबला सत्तारूढ़ आप, कांग्रेस, भाजपा और शिअद के बीच यानी चतुष्कोणीय होना तय है।

### इन दिग्गजों की दांव पर प्रतिष्ठा

पंजाब में लोकसभा के लिए हो रहे 13 सीटों पर चुनाव में सभी दलों ने मजबूत रणनीति के साथ प्रत्याशियों को चुनाव मैंदान में उतारा है। भाजपा ने जालंधर से आप के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू को चुनाव मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर दांव खेला। पटियाला से भाजपा कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुकी पूर्व सीएम अमरिन्दर सिंह की धर्मपत्नी परणीत कौर इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में है। बंठिंडा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर शिअद की प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में है। भाजपा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के मौजूदा सांसद एवं सूफी गायक हंसराज हंस को फरीदकोट से प्रत्याशी बनाया है, तो आप ने भी हास्य अभिनेता करमजीत अनमोल पर दांव खेला है। इस चुनाव में गुरदासपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में चुनावी जंग में उतरे पर्वू उप मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह रंधावा की भी प्रतिष्ठा दांव पर होगी।

### पहली बार वोटिंग करेंगे 5.39 लाख युवा मतदाता

पजांब की 13 लोकसभा सीटों पर 2,14,61,741 मतदाता अधिकृत होंगे, जिनमें 1,12,86,727 पुरुष, 1,01,74,241 महिला एवं 773 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। पंजाब में 18-19 साल की आयु वर्ग के 5,38,715 नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। जबकि राज्य में 1,58,718 दिव्यांग और 1,89,855 बुजुर्ग मतदाता 85 साल से ज्यादा आयु वर्ग कें पंजीकृत हैं। वहीं 3,151 महिलाओं समेत 1,05,455 सर्विस मतदाता भी पंजीकृत हैं। पंजाब में सबसे ज्यादा 18,06,424 मतदाता पटियाला लोकसभा सीट पर पंजीकृत हैं। जबकि सबसे कम 15,52,567 मतदाता फतेहगढ़ साहिब लोकसभा सीट पर मतदान करेंगे।

#### जातीय समीकरण

पंजाब में जाट सिख के बाद मालवा व माझा में मजहबी सिख आबादी सबसे बड़ी है। वहीं 32 फीसदी से अधिक दलितों की 39 जातियों में रामदासिया, रविदास समाज, मजहबी व मजहबी सिख, वाल्मीकि समाज, भगत अथवा कबीरपंथी प्रमुख हैं, वहीं इनमें निहाल सिंह वाला, जैतों भी शामिल। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में यह 37 फीसदी तक मानी जाती है। वहीं हिंदू आबादी की संख्या 39 फीसदी के करीब है। खास बात ये है कि पंजाब में वाल्मीकि खुद को हिंदू मानते हैं, जबकि मजहबी समुदाय खुद को सिख मानता रहा है।

पीएम मोदी ने किया तंज

## 'संविधान और तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात बंगाल में देखे'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने उत्तर 24-परगना के बारासात में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी के नेताओं के पास जो नोटों के पहाड़ निकले हैं, एक-एक रुपए का हिसाब होगा, अब तक लगभग 17,000 करोड़ रुपये मैं उन लोगों को लौटा चुका हूं जिनसे पैसा लूटा गया था।

बंगाल में भी आपका लूटा हुआ धन आपको वापस मिले उनके लिए मैं पूरी कोशिश कर रहा हूं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में संविधान... संविधान... संविधान... तानाशाही... तानाशाही... तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात यहां बंगाल में आकर देखो कि यहां पर क्या हो रहा है। आपकी बोलती बंद हो जाएगी।

### कानून के खिलाफ काम करते हैं टीएमसी वाले

पीएम मोदी ने जादवपुर में भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी वाले सुबह-शाम वोट बैंक करते हैं, सुबह-शाम गाली गलौज करते हैं, सुबह-शाम कानून के खिलाफ काम करते हैं, इनके पास देश के लिए कोई विजन है क्या? टीएमसी सिर्फ अपने वोट बैंक के लिए काम करती है वो यहां के युवाओं के लिए कुछ नहीं करती। उन्होंने कहा कि यहां संदेशखाली जैसी घटना आम है... जो टीएमसी सरकार कानून एवं व्यवस्था जैसा बेसिक काम नहीं कर सकती, उसे सजा देना जरूरी है।

यूपी के देवरिया में राहुल गांधी का हमला

## 'पीएम मोदी को परमात्मा ने अंबानी और अदाणी की मदद के लिए भेजा'

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकसभा चुनाव के सातवें फेज के लिए सियासी दल प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। इसी बीच, आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूपी के देवरिया में जनसभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पीएम मोदी के परमात्मा वाले बयान पर कहा कि बाकी सभी लोग बायोलॉजिकल हैं लेकिन पीएम मोदी बायोलॉजिकल नहीं हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि पीएम मोदी को परमात्मा ने उन्हें अंबानी और अडानी की मदद करने के लिए



भेजा है। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये कर्जा माफ कर दो अडानी का और उसे रेलवे दे दो। लेकिन परमात्मा ने उन्हें किसानों और मजदूरों की मदद करने के लिए नहीं भेजा है। अगर परमात्मा ने उन्हें भेजा होता तो वे गरीबों और किसानों की मदद करते।

### यह कहा था पीएम मोदी ने

प्रधानमंत्री मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जब मेरी मां जिंदा थीं, तो मुझे लगता था कि मैं बायोलॉजिकल रूप से पैदा हुआ हूं और उनके निधन के बाद जब मैं अपने अनुभवों को देखता हूं, तो मुझे यकीन हो जाता है कि मुझे भगवान ने ही भेजा है। यह शक्ति मेरे शरीर से नहीं है। यह मुझे भगवान ने दी है। इसलिए भगवान ने मुझे ऐसा करने की क्षमता, शक्ति, शुद्ध हृदय और प्रेरणा भी दी है। मैं कुछ नहीं बल्कि भगवान द्वारा भेजा गया एक उपकरण हूं। पीएम ने कहा था कि उन्हें एक दैवीय मिशन को यहां पर पूरा करने के लिए भेजा गया है।

## मंडी सीट पर सिनेमाई बनाम सियासी ग्लैमर की है दिलचस्प लड़ाई

# कंगना की 'चमक' और विक्रमादित्य के रुतबे के बीच मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल का सर्वाधिक चर्चित राजनीतिक केंद्र मंडी, कभी मांडव नगर था। तिब्बती भाषा में इसे जहोर कहते थे। मंडी शब्द संस्कृत के मंडोइका से बना है, जिसका अर्थ होता है खुला क्षेत्र। चारों तरफ चट्टानों का घेरा और उनके बीच से होकर गुजरती ब्यास नदी। कभी रियासत की राजधानी रही मंडी को यहां के लोग वाराणसी आफ हिल्स, हिमाचल की काशी या छोटी काशी भी कहते हैं। होटल मैनेजमेंट कोर्स कर रहे युवा अक्षय गर्व से कहते हैं कि वाराणसी की काशी में 80 मंदिर हैं, जबकि यहां पर 81 मंदिर हैं। मंडी के प्रवेश द्वार सलापड़ से संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर इस इंतजार में हम आगे बढ़ते रहे कि शायद अब कहीं चुनावी माहौल, नजर आ जाए। पर एक अलग सी खामोशी है यहां पर। बहुत कुरेदने पर मतदाता स्थानीय मंडियाली बोली में कहते हैं-एक मट्ठा कने एक मट्ठी, हल्ली लाईरे दुंहाए परखणे। यानी एक बेटा है और एक बेटी है, दोनों को परख रहे, फिर करेंगे वोट। ये देखना मजेदार होगा कि किसके पक्ष में जाता है जनता का वीटो पावर।




### मुद्दे संग आक्रोश भी

*पंडोह तीन विधानसभा क्षेत्रों का केंद्र है। सिराज, द्रंग और मंडी के लोग इससे सीधे तौर पर जुड़े हैं। बीते वर्ष आई आपदा में टूटा पंडोह का पुल साक्षी है कि लोग किस कदर जान हथेली पर लेकर रह रहे हैं। इस पुल के कारण जो रास्ता एक से दो मिनट का होता था, वो अब सात-आठ किमी लंबा हो गया है। स्थानीय निवासी अर्जन सिंह, कुलदीप व व्यापार मंडल के प्रधान अश्विनी कुमार कहते हैं कि पुल टूटने से काम पूरी तरह चौपट हो गया, सुनवाई नहीं होती। इतने अहम इलाके में न तहसील है, न बीडीओ दफ्तर व अस्पताल। एक कॉलेज की घोषणा हुई थी, पर नई सरकार ने उसे रद्द कर दिया।*

## आंक रहे प्रत्याशियों को

नगवाईं में फल व सब्जी मंडी में काम के साथ जीत-हार पर बाजी लगाते प्रदीप, दिव्यांशु और धर्मेंद्र कहते हैं कि सुक्खू सरकार ने दिया ही क्या। स्नोरघाटी में एक डिस्पेंसरी है। डाक्टर तक नहीं। छात्रों की वर्दी, छोटा डाला खरीदने पर सब्सिडी बंद कर दी। कुल्लू-मनाली की मोहिनी, सोहिनी और मीरा ने दो टूक कहा, महिला होने के नाते हम कंगना को चुनेंगे। नगवाईं के कृष्णपाल, आनी के निशान और मीरा कहते हैं, विक्रमादित्य में व्यावहारिकता है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के प्रभुत्व वाले इलाके सिराज में एक युवती ने आक्रोश इस तरह से जताया- हम कैसे अपने भाई को सेना मे जाने को कहें, अग्निवीर में चार साल बाद क्या होगा उसका। विक्रमादित्य भले ही सड़क न बनवाएं, पर राजनीति जानते हैं, कुछ तो करेंगे।

### तगड़ी लड़ाई

लोग कहते हैं कि फाइट तगड़ी है। कंगना को लोग पसंद कर रहे हैं। मंडी के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट में पूनम कहती हैं कि कंगना बड़ा चेहरा है, ग्लैमर है, तो क्या बुराई है। वहीं, मंडी के राधाकृष्ण कहते हैं कि विक्रमादित्य का रुतबा व चमक भी देखना चाहिए। दरअसल, विक्रमादित्य को लोग पिता वीरभद्र सिंह के रसूख से जोड़कर देखते हैं।




## दुनिया को दिखाई अपनी डायमंड की रिंग...



**नई दिल्ली।** कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अदाओं का जादू बिखेरने के बाद अवनीत कौर ने फैंस को सरप्राइज दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं जिसके बाद उनकी सगाई के कयास लगाए जा रहे हैं। बेबी पिंक कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी डायमंड की रिंग फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में उन्हें फूलों के साथ देखा जा सकता है। तस्वीरें सामने आने के बाद उनके फैंस सगाई की बधाई दे रहे हैं।

## 15 दिनों में बनकर तैयार हुई थी 'कौन' बॉक्स ऑफिस ने कमाए थे करोड़ों




**नई दिल्ली।** साल 1999 की बात है। राम गोपाल वर्मा ने एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनाई थी। उन्होंने इस फिल्म में सिर्फ तीन लोगों को कास्ट किया था- उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह। यह फिल्म 15 दिनों में बनकर तैयार हो गई थी और इस फिल्म को बनाने में सिर्फ सवा दो करोड़ रुपये का खर्च आया था। पहचाना? नहीं! चलिए आपको इस फिल्म का नाम और इस फिल्म के बारे में बताते हैं। राम गोपाल वर्मा की इस फिल्म का नाम 'कौन?' है। इस फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया था। वहीं, अनुराग कश्यप ने इस फिल्म की कहानी लिखी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए लगभग 25 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी सिनेप्रेमियों के बीच ये हॉरर-थ्रिलर फिल्म काफी फेमस है। शायद इसी वजह से आईएमडीबी पर इस फिल्म को 10 में से 7.8 की रेटिंग मिली हुई है।

***ऐसी है फिल्म की कहानी :*** फिल्म के शुरुआत में न्यूज में दिखाया जाता है कि एक खूंखार कातिल जेल से फरार हो चुका है। उसके बाद मैम (उर्मिला मतोंडकर) के घर के दरवाजे पर कोई दस्तक देता है। वह देखती है तो उसे दो अनजान आदमी (मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह) अपने घर के दरवाजे के बाहर खड़े दिखाई देते हैं। ये लोग कौन होते हैं? क्या इन्हीं में से कोई एक खूंखार कातिल होता है? अगर 'हां' तो मैम इस कातिल से कैसे बचेगी? अगर एक कातिल है तो दूसरा व्यक्ति कौन है? बस इन्हीं सवाल के आसपास फिल्म की कहानी घूमती नजर आती है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से तकरीबन 5.62 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

## छाया कदम ने किया डांस तो लोग ट्रोल करने लगे, अब दिया जवाब



*लॉस एंजिलिस। कान्स 2024 में लापता लेडीज की एक्ट्रेस छाया कदम ने अवॉर्ड जीतने के बाद खूब एंजॉय किया. लेकिन उनके डांस को लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। इसके बाद एक्ट्रेस ने इसपर रिएक्ट भी किया है। कान्स में उनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को ग्रैंड प्रिक से नवाजा गया है जो कान्स का दूसरा सबसे बड़ा अवॉर्ड है। एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान छाया कदम ने कहा- 'अवॉर्ड की तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, 30 साल के लंबे वक्त के बाद कान्स के मेन अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होना भी बहुत बड़ी बात है। ऐसे में क्या प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए? हम अपनी खुशी ऐसे ही दिखाते हैं। कूद-कूदकर' इसके बाद जब छाया से पूछा गया कि सबसे पहले डांस की शुरुआत किसने की तो इसका जवाब देते हुए छाया ने कहा- मैं बहुत खुश थी. मेरे पास ये खुशी जाहिर करने के लिए कोई शब्द ही नहीं था। मैं श्योर तो नहीं हूं लेकिन शायद मैंने ही सबसे पहले डांस की शुरुआत की थी। छाया के मुताबिक सिर्फ वही लोग ये अवॉर्ड जीतने पर एंजॉय नहीं कर रहे थे, बल्कि आस-पास का माहौल भी काफी खुशनुमा था। यहां तक कि जब कैमरामैन ने फोटो खींचनी शुरू की तो उस दौरान उसने भी ये कहा कि आप लोग जैसे डांस कर रहे हैं वैसे डांस करते रहिए। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि जब वे कार से उतरकर फिल्म के प्रीमियर पर पहुंची थीं उस दौरान मराठी गाना गुलाबी साड़ी बज रहा था।*



## रश्मिका फिर हुईं डीपफेक की शिकार

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर डीपफेक वीडियो का शिकार हो गई हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एआई का उपयोग करके चेहरे के साथ छेड़छाड़ की हुई है। इस वीडियो में एआई की मदद से एक मॉडल के शरीर के साथ रश्मिका का चेहरा जोड़ दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अप्रैल 2024 में कोलंबियाई मॉडल और कंटेंट क्रिएटर डेनिएला विलारियल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह स्ट्रैपलेस बिकिनी में झरने के पास पोज देती नजर आ रही हैं। कुछ दिन पहले एआई की मदद से मॉडल का चेहरा रश्मिका से बदल दिया गया और यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डीपफेक के बढ़ते मामलों के बाद अब ऐसे मामलों पर कानून भी सख्त हो गया है।

## अक्षय समय को लेकर रहते हैं पाबंद...



**मुंबई।** अनीस बज्मी एक हिट मेकर हैं। अनीस ने अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसमें नो एंट्री, वेलकम और हाल ही में आई भूल भुलैया 2 शामिल हैं। अपने करियर के दौरान, अनीस ने कई सुपरस्टार्स के साथ काम किया है और अब उन्होंने उनमें से दो सुपरस्टार्स - सलमान खान और अक्षय कुमार के बारे में बात की है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है। शाहरुख-सलमान की जोड़ी ने नो प्रॉब्लम, सिंह इज किंग और थैंक यू जैसी फिल्मों में काम किया है। अब हाल ही में एक साक्षात्कार में, अनीस बज्मी ने अक्षय को 'समय का पाबंद' बताया और कहा, 'हम उनके साथ काम करते समय हमेशा चिंतित रहते हैं।

## करण ने सिद्धांत व तृप्ति के साथ किया धड़क-2 का ऐलान



**मुंबई।** करण जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन में बन रही फिल्म धड़क 2 का एलान कर दिया है। पिछले कुछ वक्त से खबरें थीं कि फिल्ममेकर सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म धड़क 2 बना रहे हैं। आज एक मोशन पोस्टर के साथ कन्फर्म हो गया है। साथ ही रिलीज़ डेट भी अनाउंस कर दी गई है। धड़क की तरह धड़क 2 भी एक अनोखी लव स्टोरी होने वाली है जिसमें एक बार फिर जाति की वजह से दो प्यार करने वालों का अंत हो जाता है। करण जौहर ने मोशन पोस्टर शेयर किया है जिसमें दीवार पर लव स्टोरी की शुरुआत और अंत दिखाई दे रहा है। कैप्शन में लिखा है 'यह कहानी है थोड़ी अलग क्योंकि एक था राजा, एक थी रानी - जात अलग थी तम कहानी।'




## टीवी मसाला

## चिरंजीवी ने 101वीं जयंती पर एनटी रामा राव को किया याद



**मुंबई।** तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी ने एनटी रामा राव की 101वीं जयंती पर उन्हें याद किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने भारत सरकार से पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न देने की मांग भी की। अभिनेता चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। दक्षिण भारत में उन्हें मेगास्टार कहकर भी पुकारा जाता है। हाल ही में अभिनेता ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के सीएम एनटी रामा राव को उनकी 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए केंद्र सरकार से एनटीआर को भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध भी किया।

## आ रही हैं आयुषी भावे अब इस नए धारावाहिक में...



**मुंबई।** पांच साल की उम्र से ही कथक सीखती रहीं अभिनेत्री आयुषी भावे ने मुंबई मनोरंजन जगत में खूब नाम कमाया है। छह साल पहले वह मुंबई और महाराष्ट्र की श्रावण क्वीन हनीं, फिर मराठी चैनल जी युवा के सेलेब्रिटी मराठी डांस सेलेब्रिटी डांस शो युवा डांसिंग क्वीन का हिस्सा रहीं आयुषी भावे जल्द ही हिंदी धारावाहिकों के दर्शकों को अपने रूप जाल में बांधने आ रही हैं। वह एक पारलौकिक कहानी का हिस्सा बनी हैं, जिसमें वह अभिनेता राजवीर सिंह और अभिनेत्री शांभवी सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आयुषी भावे के पिता जितेंद्र महाराष्ट्र से और उनकी मां निशा उत्तराखंड से हैं। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल और विल्सन कॉलेज में पढ़ाई करने वाली आयुषी ने समाज शास्त्र में एम.ए. किया है और मराठी मनोरंजन जगत में उनका काफी नाम रहा है। फिल्म 'तमाशा लाइव'में काम कर चुकी आयुषी जल्द ही एक सुपरनैचुरल थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। आयुषी भावे इस शो में बिंदु का किरदार निभाएंगी।

## अनुपमा का एपिसोड देखकर दर्शकों का चढ़ा पारा...



**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का मंगलवार का एपिसोड देखने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर काफी नाराज नजर आए। यशदीप से लेकर मेकर्स तक को ट्रोल करने में लोगों ने कसर नहीं छोड़ी। टीवी सीरियल अनुपमा के मेकर्स जिस तरह कहानी को एक झटके में पलटते हैं, उससे दर्शक कई बार हैरान रह जाते हैं। लेकिन, यही वो क्वालिटी है जिसके चलते यह शो लगातार टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। एक हाउसवाइफ की कहानी, जो अपनी जिंदगी में कुछ बेहतर करने की कोशिश कर रही है। किस तरह दुनिया हर बार उसकी राह में मुश्किलें खड़ी करती है और कैसे वो हर बार उठ खड़ी होती है। शो का यह ट्रैक लोगों को इतना पसंद आया है कि अनुपमा का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली घर-घर में मशहूर हो चुकी हैं।



RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 8889996586, 8889998611, 8889998605 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584465304, 9111107029 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9179424485, 7089688410 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910005, 7222910057 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9179424485 | JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 6260288613, 8889998641 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009 | SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620109, 6262620093 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

## चिंतन

# अत्यधिक गर्मी से बढ़ रहा स्वास्थ्य जोखिम

गर्मी नित नया रिकार्ड बना रही है। सामान्य से अधिक गर्मी धरती पर तापमान बढ़ने का संकेत दे रही है। गर्मी से केवल भारत ही पीड़ित नहीं है, बल्कि विश्व के अधिकांश क्षेत्र प्रभावित है। सुदूर उत्तर में जापान से लेकर सुदूर दक्षिण में फिलीपींस तक, गर्मी ने रोजमर्रा की जिंदगी पर कहर बरपाया है। कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका, यूरोप में गर्मी बढ़ रही है। अंटार्कटिका में ग्लेशियरों के पिघलने की घटनाएं हो रही हैं। अत्यधिक गर्मी व लू के चलते लोगों की मौतें हो रही हैं। 1880 में वैश्विक रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से 2015 और 2023 की नौ साल की अवधि में औसत तापमान सबसे अधिक था। एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका जैसे वैश्विक दक्षिण में अत्यधिक गर्मी के चलते वृद्धों पर स्वास्थ्य जोखिम अधिक रहेगा। गर्मी की लहरें वृद्धों के लिए घातक हैं। बढ़ती आबादी के साथ बढ़ते तापमान के चलते करोड़ों लोगों का जीवन जोखिम में है। ताजा अध्ययन के मुताबिक, अगर पृथ्वी बीमार हुई, तो उस पर रहने वाले जीव भी बीमार होंगे। पृथ्वी पर बढ़ते तापमान का मानव स्वास्थ्य पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। मच्छर जनित संक्रमण मलेरिया ने पिछले दशक के दौरान हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जान ली है। वैश्विक तापमान डेढ़ डिग्री तक कम करने को लेकर दुनिया संकल्पित है, इसके बावजूद भूराजनीति के चलते तापमान में कटौती की ओर सार्थक प्रयास बहुत धीमी है। अफ्रीका में मलेरिया के मामले बढ़ रहे हैं, फ्रांस में डेंगू के केस बढ़ रहे हैं, इटली नए किस्म के मलेरिया का नया ठिकाना बन रहा है, भारत में मलेरिया, डेंग व चिकुनगुनिया के मामले बढ़ रहे हैं। ताजा शोध से पता चलता है कि गर्म हो रही दुनिया में 20 से अधिक उष्णकटिबंधीय रोगों का खतरा बढ़ा है। शोध बताता है कि गर्मीजनित कुछेक बीमारियाँ इन्सानों के लिए अतिरिक्त पीड़ा लेकर आएंगी। इतना ही नहीं, जलवायु परिवर्तन कुछ मस्तिष्क स्थितियों के लक्षणों को बढ़ा रहा है। हमारे मस्तिष्क में अरबों न्यूरॉन्स में से प्रत्येक एक सीखने, अनुकूलन करने वाले कंप्यूटर की तरह है, जिसमें कई विद्युत सक्रिय घटक होते हैं। हमारा मस्तिष्क पहले से ही तापमान सीमा की हद के करीब काम कर रहा है, इसलिए तापमान में थोड़ी सी भी वृद्धि ब्रेन में केमिकल लोचा बढ़ा सकता है। आज पृथ्वी जिस तेजी से बीमार हो रही है, उसमें केवल अच्छा खानपान व व्यायाम अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी नहीं हैं, ऐसा बहुत कुछ है जो मनुष्य के नियंत्रण में नहीं हैं। तीन साल से भी कम समय के भीतर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अंतरराष्ट्रीय चिंता की दो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित की हैं: फरवरी 2020 में कोविड-19 और जुलाई 2022 में मंकीपॉक्स। अत्यधिक गर्मी के चलते पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से बर्फ के नीचे छिपे रोगाणु मुक्त हो रहे हैं। मानव पर नए नए रोगों के प्रहार हो रहे हैं, इसलिए स्वास्थ्य की एक नई विश्वव्यापी अवधारणा की तत्काल आवश्यकता है। जीवन को आश्रय देने वाले एकमात्र ग्रह पृथ्वी पर बढ़ रहे तापमान में कमी लाने के संकल्प के साथ 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' की अवधारणा पर दुनिया को एकजुट होकर काम करना पड़ेगा। सभी देशों के नीति निर्माता वाहनों, बिजली संयंत्रों और कारखानों में जीवाश्म ईंधन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने के लिए काम करें और हरित ऊर्जा बपनाएं। ग्लोबल वार्मिंग को तत्काल नियंत्रित करना जरूरी है।



द.अफ्रीका में आज चुनाव
विवेक शुक्ला

# मंडेला की एएनसी पर संकट

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एस. सिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रेजोल्यूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सद्भाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केन्द्र है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के



शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए करप्शन के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' ( अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम था मंडेला के कारण। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। उस समय भी उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है; देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी के संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है। दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी, पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, 'भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।'


दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जयपुर के करीब आभानेरी गांव में चांद बावड़ी बेहद सुंदर पर्यटक स्थल है। यहां आपको राजस्थानी वास्तुकला के 10 वीं शताब्दी के स्मारक देखने को मिल जाएंगे। चांद बावड़ी भारत के सबसे अनोखे कुओं में शामिल है।

## कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे।

## गलत काम पूरे जीवन की तपस्या कर देता है बर्बाद



संकलित
**प्रेरणा**

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## आम चुनाव
बाल मुकुन्द ओझा



# विश्लेषकों के दावों का दौर

देश के जाने माने चुनाव विश्लेषकों ने एक मत से यह स्वीकार किया है की आएगा तो मोदी ही। यह जरूर है कि इनके जीत के आंकड़े मोदी से मेल नहीं खाते। मोदी ने भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का नारा बुलंद किया था। चुनाव विश्लेषकों ने 370 या 400 पार को तो नहीं माना है मगर जीत मोदी की पक्की मान रहे हैं। इन चुनाव विश्लेषकों में मोदी विरोधी माने जाने वाले योगेंद्र यादव और प्रशांत किशोर भी शामिल है। योगेन्द्र यादव ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लगभग 305 सीटें जीतेगा। प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की कि भाजपा लगभग 300 सीटें जीतेगी। स्वतंत्र चुनाव विश्लेषक प्रो संजय कुमार सरीखे भी मोदी की हैट्रिक को स्वीकार कर रहे है। लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके है। सभी दल बचे हुए एक चरण के मतदान की तैयारियों में लग गए। हर दल अपनी जीत का दावा ठोक रहा है। एनडीए और इंडिया के बीच नंबर युद्ध छिड़ गया है। दोनों और से जीत के बढ़ चढ़ कर दावे प्रतिदावे किये जा रहे है। एक तरफ राजग और भाजपा 400 पार का दावा कर रहे हैं। वहीं इंडिया गठबंधन अपनी जीत का दावा कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा की एक रैली में बताया कि अब तक हुए चुनाव में ही पीएम मोदी 310 सीटों के आंकड़े को पार कर चुके हैं। आने वाले फेज में ये आकड़ा 400 के पार पहुंच जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने 300 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का विश्वास व्यक्त किया है। इस समय समूची दुनिया की निगाह भारत के लोकसभा चुनाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हैट्रिक पर केंद्रित हो रही है। चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए की कमान संभाल रखी है। चुनाव की विधिवत घोषणा से पूर्व ही उन्होंने देशभर का दौरा शुरू कर दिया था। वे देश के विभिन्न भागों में एक दिन में तीन से चार रैलियां और रोड शो में शामिल हो रहे है। उनका चुनावी जज्बा एक नौजवान की तरह कायम है। 74 साल की उम्र में भी मोदी थके से नहीं लग रहे है और सम्पूर्ण ऊर्जा और उत्साह के साथ लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे है। आज यह कहने में किसी को कोई गुरेज नहीं है कि अकेला मोदी सब पर भारी साबित हो रहा है। राजनीतिक समीक्षकों का कहना है मोदी ने अपनी ही पार्टी के सर्वाधिक मजबूत और कद्दावर नेता वाजपेयी और आडवाणी को लोकप्रियता के पैमाने पर पीछे छोड़ दिया है। 2014 में भाजपा को देश की सत्ता शक्ति के शिखर पर पहुंचाने के बाद मोदी का जादू अनवरत रूप से लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है और लोकप्रियता में पक्ष या विपक्ष का कोई भी नेता उनके आसपास भी नहीं है। मोदी ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया है। भारतीय राजनीति के लिहाज से 2024 का लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इस चुनाव पर दुनियाभर की निगाहें टिकी है। देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी देखने को मिल रही है। पक्ष और विपक्ष में घमासान छिड़ गया है। यह कहा जा रहा है वर्तमान चुनाव में अकेला मोदी सब पर भारी हो रहा है। जून 2013 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से मोदी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित किया गया। जहां कई लोगों ने पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री मान लिया था। नरेंद्र मोदी ने 2014 में और फिर 2019 में भारतीय जनता पार्टी की प्रभावशाली जीत का नेतृत्व किया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मुफ्त की रेवड़ियां बांटना बंद करें सियासी दल

राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की रेवड़ियां बाटना बंद करें। जो भी राजनीतिक पार्टी चुनाव के समय मुफ्त लाभ देने की घोषणा करती है, यदि वह चुनाव के बाद सत्तारूढ़ होती है तो जो उन्होंने मुफ्त में देने की कोई घोषणा की होती है, उस मुफ्त का लाभ सरकारी खजाने से न देकर अपने पार्टी फंड से देने की कोशिश करे, सरकारी खजाने में जो फंड आता है, वह लोगों के खून-पसीने की कमाई टैक्स के रूप में सरकारी खजाने में जमा होता है। उस फंड का सदुपयोग देश के विकास में होना चाहिए। राजनीतिक पार्टियों की यह मुफ्त की घोषणा लोगों को अपाहिज बना रही है। आज शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ सभी वर्गों के लिए निशुल्क होना चाहिए।

*– प्रदीप चंद्राकर, सरायपाली*

## ट्रेंड

### जनादेश पारदर्शी सरकार के साथ



एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाले इंडी गठबंधन के नेता हैं, दूसरी तरफ 23 साल के राजनीतिक जीवन में जिन पर एक पैसे का आरोप नहीं है, ऐसे मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेश की जनता का जनादेश ईमानदार और पारदर्शी सरकार के साथ रहने वाला है।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### खेल की भी जरूरत



मेरे दोस्त राष्ट्रपति थॉमस बाख को ओलंपिक में आपकी साझेदारी के लिए और डब्ल्यू एचए 77 के उद्घाटन में हमारे साथ शामिल होने के लिए धन्यवाद। आपने सही कहा- सभी को स्वस्थ रखने के लिए, हमें सभी के लिए खेल की भी आवश्यकता है।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक


### अफ़सरों का तबादला क्यों



अभी जब चुनाव चल रहा है तो मोदी जी अफ़सरों का तबादला कर रहें है, किसी को विस्तार दे रहें है। जब आदर्श आचार संहिता है तो मोदी जी अफ़सरों के आदेश क्यों निकाल रहें हैं? क्या मोदी जी जाने से पहले, चुनाव के दौरान अफ़सरों का तबादला कर, उन पर कृपादृष्टि कर रहें हैं?

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### गंगाजल से घर धोया



यूपी के पांच साल सीएम रहे अखिलेश यादव ने घर ख़ाली किया तो भाजपा ने गंगाजल से घर धोया। पत्नी के साथ कन्नौज के मंदिर में पूजा किया तो भाजपाइयों ने मंदिर को गंगाजल से धोया। पीडीए से नफ़रत करती है बीजेपी।

-संजय सिंह, आप सांसद

## करंट अफेयर

# स्पेन फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल मंगलवार को बैठक में फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फलस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा, 'यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य है और यह लक्ष्य इजराइल और फलस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है।' सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए।



## ऑफ बीट

# अगर पृथ्वी बीमार हुई, तो आप भी बीमार हो जाएंगे

एक अधिक गर्म दुनिया के अधिक बीमार दुनिया होने की संभावना है। पृथ्वी पर बढ़ते तापमान का मानव स्वास्थ्य पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है, जैसे लू की लहरें जो हमारे शरीर विज्ञान की सहनशीलता से अधिक गर्म होती हैं। हालाँकि, विरासत में मिली स्थिर जलवायु से हटने के प्रभाव भी अपने आप में आश्चर्यजनक होंगे। उनमें से कुछ मौजूदा बीमारियाँ हो सकती हैं जो नई जगहों पर दिखाई दे रही हैं या अधिक तीव्रता से फैल रही हैं। और कुछ, विशेषज्ञों को डर है, पूरी तरह से नई बीमारियाँ हो सकती हैं। मच्छर जनित संक्रमण मलेरिया ने पिछले दशक के दौरान हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जान ले ली। इनमें से अधिकतर पीड़ित बच्चे थे और लगभग सभी (2022 में 95 प्रतिशत) अफ्रीका में थे। बीमारी के स्रोत के रूप में, संक्रामक मच्छरों को कम से कम तीन चीजों की आवश्यकता होती है: गर्म तापमान, आर्द्र हवा और प्रजनन के लिए पोखर। तो वैश्विक तापमान से क्या फर्क पड़ेगा? परजीवी दूसरी जगहों तक जा सकते हैं। जल और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मार्क स्मिथ और क्रिस थॉमस (लिंकन विश्वविद्यालय) कहते हैं, 'जलवायु और मलेरिया संचरण के बीच संबंध जटिल है और लगभग तीन दशकों से गहन अध्ययन का विषय रहा है।'



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जनजाति विशेष
डॉ महेश श्रीवास्तव


# विकास की ओर अग्रसर जांघी बिरहोर



बिरहोर जनजाति का ऐसा समूह जिसने वर्तमान में स्थाई जीवन पद्धति को अपना लिया है उसे जांघी बिरहोर कहा जाता है। यद्यपि इस समुदाय के लोगों ने पड़ोसी जातियों के संपर्क में आने के कारण स्थाई जीवन पद्धति स्वीकार कर लिया है तथापि भी वे उथलू बिरहोर से काफी भिन्न नहीं हैं। आर्थिक व्यवसाय की दृष्टि से यह एक दूसरे से काफी भिन्न हैं, जिन्होंने तुलनात्मक दृष्टि से स्थाई जीवन पद्धति अपना लिया है और वे जंगल या पहाड़ों के किनारे मैदानी भागों पर अपना घर बसा चुके हैं। इनके सदस्य अपने निवास स्थान के आसपास स्थाई रूप से खेती करने लगे हैं। उथलू बिरहोर कब जांघी बिरहोर में परिवर्तित हुए तथा इनमें कब स्थाई जीवन का उदयमान हुआ, इसकी निश्चित तिथि अज्ञात है।

धरोहर
घनश्याम सिंह नाग


# बस्तर अंचल में कौड़ी का महत्व



बस्तर अंचल में धातु के सिक्के का प्रचलन होने के बावजूद कौड़ी अपना  अस्तित्व और स्थान दीर्घ काल तक बनाए रखने में सफल रही है। कौड़ी को विश्व की प्रथम मुद्रा होने का गौरव प्राप्त है। दुनिया की आदि मुद्रा के रूप में कौड़ी का उपयोग वस्तु से विनिमय हेतु मुद्रा के रूप में केवल भारत में ही नहीं अपितु संसार के अनेक देशों में होता रहा है। हमारे देश में सन 1930 तक कौड़ी के चलन होने की जानकारी मिलती है। बस्तर में भी दीर्घकाल तक मुद्रा के रूप में कौड़ी के चलन की जानकारी मिलती है। पुराने समय में अर्थात तीस वर्ष पहले यहां रूपए बहुत ही कम देखने को मिलते थे। मालगुजारी सरकार को कौड़ियां, धान, उरद, घी, गेहूं, अरहर, बकरा और बेल से रियाया अदा करती थी। कौड़ियों के हिसाब में 5 कौड़ी का 1 गंडा और 4 गंडा का 1बोड़ी। 20 बोड़ी का 1 दुगानी, और 16 दुगानी का 1रुपया। बस्तर राज्य के समृद्ध शासक मुद्रा को ढूंसी बांध कर रखते थे। पुआल की मोटी रस्सी से बनी अनाज कोठी को बस्तरांचल में ढूंसी कहा जाता है। आज भी यहां अनाज को इसी तरह सुरक्षित रखते हैं।

## पुस्तक समीक्षा

# सोनहा भुइयां




कृति के नाव
सोनहा भुइयां
लेखक
डॉ नीलकंठ देवांगन
प्रकाशक
छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग
पुस्तक समीक्षा
डॉ डी पी देशमुख
मूल्य
दो सौ रुपए

गांव में जन्म लिए,ग्रामीण परिवेश को आत्मसात कर जब कोई रचनाकार लेखन करता है तो उसकी लेखनी में मिट्टी की खुशबू होती है,गांव की संस्कृति एवम उसके इर्दगिर्द होने वाले घटनाक्रम चाहे वह ग्राम्यजीवन की पहेलियां,श्रृंखलाबद्ध कहानियां, तीज-त्यौहार, ऐतिहासिक एवम धार्मिक महत्व की बातों पर जब लेखक अपनी कलम चलता है तब लेखनी में ग्रामीण परिवेश की जीवंत एवम सजीव चित्रण परिलक्षित होती है। लेखक की नवीन छत्तीसगढ़ी कृति ₹सोनहा भुइयाँ₹उक्त सभी बातों का समग्र दस्तावेज है, जिसका मूल्यांकन आगामी पीढ़ी के लिये एक शोधग्रंथ के रूप में होगा।



गाड़ा-जुड़ा के दूनो आखिरी छोर म बइला मन ल लोहा के सुम्हेला म अरझावत फांदे जाथे। दूनो सुम्हेला म लगे डोरी ह 'सुम्हेला-जोता' कहलाथे। अइसनेच नांगर-जुड़ा के दूनो कोति पंचारी म लगे डोरी ह 'नांगर-जोता आय'। इही डोरि च ल जोता नाम ले ही अलग-अलग जगा बउरे जाथे। कांवर म 'कांवर-जोता' अउ दूध अउ दही-मही ल मियार म टांगे बर एक गोल-भांवर अउ दू लर के डोरी 'सीका-जोता (जोती) आय'।

# नंदावत हे गाड़ा-नांगर के डोरी



चिंहारीः टीकेश्वर सिन्हा

गाड़ा के दूनो डांड़ी के आगू कोति जुड़ा होथे। डांड़ी के आखिरी छोर म जुड़ा ह बीचो-बीच आड़ी-आड़ा बंधाये रहिथे। जेन रस्सी ले बंधाए रहिथे, वो होथे गरुवा के चमड़ा के। यहू हर दू किसम के होथे। एक हर सीधा अउ सधारण रस्सी असन लम्बा होथे। ये आय 'बरही' अउ दू-दुनोर के रहिथे, तेन आय 'नाहना'। ये अबड़ मजबूत होथे, काबर कि येला चमड़ा ल बढ़िया पका-सजो के बनाये जाथे। कहीं-कहीं येकरे जगा म साइकिल टायर ल घलो बउरे जाथे। फेर आजकल तो बरही-नाहना के जगा ल नाइलोन रस्सी ह ले लेय हे। गाड़ी के बीचों-बीच नीचे कोति धोखर ल आपात बेरा म गिरे ले बचाये बर करीबन डेढ़ फीट लम्बा खुंटा अस चेम्मर-मजबूत लकड़ी ल जेन डोरी ले बांधे जाथे, वोला 'उरदान डोरी' कहे जाथे। गाड़ा-जुड़ा के दूनो आखिरी छोर म बइला मन ल लोहा के सुम्हेला म अरझावत फांदे जाथे। दूनो सुम्हेला म लगे डोरी ह 'सुम्हेला-जोता' कहलाथे। अइसनेच नांगर-जुड़ा के दूनो कोति पंचारी म लगे डोरी ह 'नांगर-जोता आय'। इही डोरि च ल जोता नाम ले ही अलग-अलग जगा बउरे जाथे। कांवर म 'कांवर-जोता' अउ दूध अउ दही-मही ल मियार म टांगे बर एक गोल-भांवर अउ दू लर के डोरी 'सीका-जोता (जोती) आय'। गाड़ा-बुता, भारा बंधई, भरे बोरा अउ आन जिनीस के बंधई-अरझई या फेर अउ दिगर काम म एक रस्सी बउरे जाथे। येहर 'डोर' हरे। लोगन डोर के लम्बाई-मोटाई ल अपन मन मुताबिक रखथें। ये जम्मो डोरी ह सन-पटुआ के बनाय जाथे। खेती-किसानी अउ अइसन घरौधी बुता म नरियर बूच डोरी ल वइसे बहुते-कम बउरे जाथे, विकल्पीय रूप म होथे।

लोक गाथाएं पहले समूचे समाज की संपत्ति थी। सभी इसे गाते, इसमें कुछ जोड़ते और कुछ घटाते थे। इसलिए यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक एक कंठ से दूसरे कंठ तक जाते हुए पीढ़ी दर पीढ़ी यात्रा करते परिवर्तनशील रहा। परन्तु बाद में समाज के वर्ग विभक्त हुए तब उच्च वर्ग के कुछ विशेषज्ञों, कवि तथा अन्य संबंधितों द्वारा साहित्य की रचना होने लगी और साहित्य उनका वैयक्तिक कृतित्व माना जाने लगा।

# लोक गाथा की उत्पत्ति और अभिमत



लोक साहित्यः डॉ विनय कुमार पाठक

शोधकर्ताओं के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि लोकगाथा की उत्पत्ति उस समय हुई जब समाज अविभक्त और एक इकाई के रूप में था। लोक गाथाएं पहले समूचे समाज की संपत्ति थी। सभी इसे गाते, इसमें कुछ जोड़ते और कुछ घटाते थे। इसलिए यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक एक कंठ से दूसरे कंठ तक जाते हुए पीढ़ी दर पीढ़ी यात्रा करते परिवर्तनशील रहा। परन्तु बाद में समाज के वर्ग विभक्त हुए तब उच्च वर्ग के कुछ विशेषज्ञों, कवि तथा अन्य संबंधितों द्वारा साहित्य की रचना होने लगी और साहित्य उनका वैयक्तिक कृतित्व माना जाने लगा। पुरानी लोक गाथाएं कंठानुकंठ होते हुए नवीन गाथाएं विकसित करती रही। यही कारण है कि इनकी हस्तलिखित प्रतियां हमें नहीं मिलती। प्रत्येक गायक इसमें अपने प्रसंग और शब्द अलग से जोड़ता  है। इनकी उत्पत्ति के संबंध में तीन मत -लोक निर्मित्तवाद, व्यक्ति निर्मितवाद और विकासवाद बताए जाते हैं। छत्तीसगढ़ में लोक गाथाओं को भी तीन भागों -प्रेम प्रधान, वीर गाथाएं और धार्मिक या पौराणिक गाथाओं में बांटते हैं। नारी प्रधान लोक गाथाओं में अहिमन रानी की कथा, रेवा रानी की कथा और कवला रानी की कथा और पुरुष प्रधान लोक गाथाओं में ढोला मारू और लोरिक चंदा की कथा प्रमुख है। लोक गाथाओं की विशेषताओं में- वस्तु व्यंजक होती है, लोक द्वारा ही निर्माण और विकास होता है, यथार्थ चित्रण की सार्थकता होती है, गेयता और लय होती है, नैसर्गिकता के साथ भाषा और विचारों की सरलता होती है।

सुरता
डा. संतराम देशमुख

दाऊ रामचंद्र देशमुख की चंदैनी गोंदा टीम के कलाकारों कि मेहनत तथा कार्यक्रम की ऊंचाई लगातार बढ़ने काफी प्रभावित हुए, और अलग टीम बनाने में लग गए। इसके बाद अपने लक्ष्य प्राप्ति के कलाकारों की खोजबीन में रात दिन एक कर दिए।

# कला विरासत को आयाम देने वालों में दाऊ महासिंह चंद्राकर



दाऊ के रूप में प्रतिष्ठित और संपन्न कृषक महासिंह चंद्राकर दुर्ग निवासी बचपन से ही रामलीला, गम्मत, नाचा, रामधुन,कीर्तन और रासलीला के दीवाने रहे।उन्होंने गाने बजाने का ऐसा शौक पाला कि पूरी तरह से जीवन भर इसी में रमे रहे। अपने मूल व्यवसाय को परिवार के जिम्मे छोड़ दिए। दाऊ रामचंद्र देशमुख की चंदैनी गोंदा टीम के कलाकारों कि मेहनत तथा कार्यक्रम की ऊंचाई लगातार बढ़ने काफी प्रभावित हुए, और अलग टीम बनाने में लग गए। इसके बाद अपने लक्ष्य प्राप्ति के कलाकारों की खोजबीन में रात दिन एक कर दिए। अंत में कलाकारों में एकत्र करने में सफल हो गए और सोनहा बिहान लोक मंच की स्थापना की। चंदैनी गोंदा के साथ ही सोनहा बिहान के टीम की चर्चा भी होने लगी। सोनहा बिहान टीम की प्रस्तुति भी सशक्त थी। इसके बाद आपने लोरिक चंदा का भी सफल मंचन करने लगे। आज भी इस कार्यक्रम की प्रस्तुति  दूरदर्शन के माध्यम से होते रहती है। इस तरह दाऊ रामचंद्र देशमुख कला जगत में अपनी प्रस्तुति से अमिट छाप छोड़ गए।

गांव की कहानी
डॉ शंकर तिवारी

# कुटुंब परिवार की बसाहट के कारण गांव का नाम कोटमसर



आदिवासी अंचल का गांव का नाम कोटमसर, अपने कुटुंब परिवार की बसाहट के कारण हुआ। इस गांव में मुख्य रूप से धुरवा आदिवासी रहते हैं। यह गांव दो बस्ती नाकापारा और कोटवार पारा में बंटा है। कुछ वर्ष पूर्व कोटमसर को राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने के बाद अब यहां मिट्टी-बांस आदि की मदद से बनी गेरूए पत्थर के छत वाली कुंडियों की जगह सीमेंट कांक्रीट की छत वाले पक्के मकान और सरकारी भवन भी नजर आने लगे हैं। इसी गांव के पास विश्व प्रसिद्ध कोटमसर गुफा भी है। पहले इस गुफा को गुपनसर के नाम से जाना जाता था। गांव के मिथकथा के अनुसार रियासत काल में जब इलाके में हिंसक पशु यहां हुआ करते थे, तब  राजा और रानियां शिकार कर शौक पूरा किया करते थे। उसी समय रानी द्वारा फेंकी गई कुल्हाड़ी की जद में आकर जंगली सुअर मारा गया था (मारने को यहां कोटना भी कहा जाता है)। कुल्हाड़ी के एक वार से जंगली सुअर को काटने के कारण इलाके को कोटमसर कहा जाने लगा।



## जैकेट के शेष

### भारतीय राजदूत बोले- तनाव .....

▸▸ किर्गिस्तान कितना सुरक्षित हैं भारतीयों के लिए। अभी आना चाहिए, या कुछ रुक कर आना चाहिए?

▸▸ पूरी तरह से सुरक्षित है। किसी भी तरह से डर का सवाल नहीं है। भारतीय पर्यटक भी यहां पर आराम से आ सकते हैं।

▸▸ भारत के 17 हजार विद्यार्थियों के पालकों को क्या कहना चाहते हैं आप?

▸▸ आपके जो भी बच्चे यहां पर पढ़ रहे हैं, वो सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। किसी भी तरह से चिंता करने की जरूरत नहीं है। फाइनल के विद्यार्थियों की परीक्षा चल रही है। हम लोग उम्मीद करते हैं कि सारे बच्चे यहां से पास होकर डॉक्टर बनकर भारत पहुंच जाए। जो बच्चे फर्स्ट और सेकंड ईयर में हैं, उनकी ऑनलाइन क्लास चल रही है।

### गर्मी का रौद्र ....

तेवर को देखते हुए 29 और 30 मई को भी अनेक शहरों में ग्रीष्म लहर जारी रहने का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### चुरू में पारा ....

के सामने भी उठाऊंगा, ताकि प्रभावित लोगों को कुछ मदद मिल सके। **गर्मी से कब मिलेगी राहत** : मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी 48 घंटों बाद अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की उम्मीद है। इसके साथ ही बताया गया कि तीव्र हीटवेव के दौर से पूर्वी राजस्थान में 30 मई से जबकि पश्चिमी राजस्थान में 31 मई से राहत मिलने की संभावना है। आगामी 72 घंटों के लिए तीव्र हीटवेव के लिए रेड, ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### स्टंटबाजी के चक्कर ....

बाइक को तेज रफ्तार में चलाते हुए। पैशन बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में खिलेश, दिलीप की मौके पर मौत हो गई। वहीं, स्टंटबाजी करने वाला युवक जीतू निषाद की भी मौत हो गई। हादसे की जानकारी लगने पर आसपास के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी।

### पीड़िया नक्सल मुठभेड़ ....

जंगल में तेंदूपत्ता बिनने गए लोगों को मार दिया गया। व्यापारियों की सबसे बड़ी संस्था चेम्बर आफ कामर्स ने भी बंद का समर्थन करते दोपहर 2 बजे तक कारोबारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की थी। इसके चलते सभी तरह के व्यापार बंद रहे। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में भी सभी तरह का कारोबार प्रभावित हुआ। छुट-पुट चाय नाश्ता के ठेले और गांव से साग-सब्जी लेकर पहुंचने वाले ग्रामीण ही मुख्य बाजार में नजर आए। बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालय जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर और कांकेर में बंद सफल रहा। वहीं आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्र में भी बंद का असर दिखाई पड़ा। शहर में सभी चौक-चौराहों और मुख्य बाजार में सुबह से ही पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी गई थी। सर्व आदिवासी समाज के युवाओं की बाइक रैली निकली जो बंद कराने के लिए घूम रहे थे। कहीं पर भी विरोध या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई क्योंकि व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें बंद रखी।

### पीड़ितों से मिला ....

हरिभूमि से चर्चा में कहा कि नक्सल समस्या के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों की हत्या क्षमा योग्य नहीं है। सरकार को ऐसे मामलों की उच्च स्तरीय जांच करनी चाहिए। जिन ग्रामीणों के छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं, क्या वे नक्सली हो सकते हैं। इस तरह का आरोप सरकार पर लगना उचित नहीं है।

### इसलिए रखा गया ....

ग्रामीण तेंदूपत्ता बेचने के लिए गए हुए थे। अचानक पुलिस टीम को आता देख वहां मौजूद लोग भागने लगे। यह देखकर पुलिस की टीम ने चारों ओर से ग्रामीणों को घेर लिया। कुछ लोग पेड़ पर चढ़ गए तो कुछ झाड़ियों के पीछे छुप गए। बताया गया कि ग्रामीणों ने अपने आप को गांव का निवासी बताने के बाद भी पुलिस टीम ने उन्हें गोली मार दी। पेड़ पर चढ़े ग्रामीण ताती सुक्कू को गोली लगने के बाद उसका शव पेड़ में ही लटका रहा। जिसे बाद में पुलिस जवानों ने शव पेड़ से उतारा। इसके अलावा जिस ग्रामीण को मरने के बाद इनामी घोषित किया था, वह अभी भी जिंदा है, जबकि एक जेल में बंद है। सर्व आदिवासी समाज ने पीड़िया मुठभेड़ को पूरी तरह से फर्जी बताया है।

### जीपी की ज्वाइनिंग ....

श्री सिंह ने अपने खिलाफ मामलों को राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित बताया था। कैट ने मामले की सुनवाई के बाद उन्हें बहाल करने का आदेश दिया था। दूसरी ओर कैट के आदेश के पालन के संबंध में कैट न्यायालय के आदेश की प्रति राज्य और केंद्र सरकार को भेजी गई थी। राज्य सरकार के महाधिवक्ता द्वारा आदेश की समीक्षा के बाद पाया गया न्यायालय के आदेश का पालन किया जाना चाहिए। बताया गया है कि राज्य सरकार ने यह प्रकरण दिल्ली भी भेजा था वहां से 22 मई को ज्वाइनिंग की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी गई थी। अब राज्य सरकार ने स्टेट्स रिपोर्ट भेज दी है। माना जा रहा है कि जीपी सिंह की ज्वाइंनिंग जल्द हो जाएगी।

### चारधाम यात्रा : 650 से ....

भगवान बदरीनाथ के कपाट 12 मई को खुले थे। पहले पखवाड़े में ही दो लाख 77 हजार से अधिक तीर्थ यात्री बद्रीनाथ के दर्शन कर चुके हैं।

**9 लाख से ज्यादा ने किए चारधाम के दर्शन** : 10 मई 2024 को श्रीकेदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा 12 मई को श्रीबद्रीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। उसके बाद से 23 मई 2024 तक चारों धामों में कुल 09 लाख 67 हजार 302 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में 01 लाख 79 हजार 932, गंगोत्री धाम में 01 लाख 66 हजार 191, श्री केदारनाथ में 04 लाख 24 हजार 242 और बद्रीनाथ धाम में 01 लाख 96 हजार 937 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं।


### कागज पर लिखा ....

बजे बम'। अधिकारी ने बताया कि विमान की गहन तलाशी ली गई। उन्होंने कहा, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बम होने की धमकी अफवाह निकली। आगे की जांच जारी है।' अधिकारियों ने बताया कि जब 'इंडिगो' की उड़ान संख्या 6ई2211 को रवाना करने की तैयारी की जा रही थी तभी विमान चालक को एक शौचालय में कागज का एक टुकड़ा मिला जिस पर बम होने की धमकी लिखी थी।

**फिलिस्तीनी शरणार्थियों को निशाना बनाने के लिए दुनियाभर में हो रहा विरोध**

# पेरिस में हुआ बड़ा प्रदर्शन, इजराइली दूतावास को 10 हजार की भीड़ ने घेरा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



गाजा के राफा शहर में इजराइली हमले के दौरान फिलिस्तीनी शरणार्थियों का एक टेंट भी निशाना बन गया, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर इजरायल निशाने पर है और एक बार फिर से दुनिया भर में उसके खिलाफ प्रदर्शन होने लगे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले में गलती मानी है और घटना को दुखद बताया है। इस बीच पेरिस में इजरायल के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ है। फ्रांस की राजधानी में स्थित फ्रांस के दूतावास को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। करीब 10 हजार लोगों ने उसके दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों के पास में फिलिस्तीनी झंडे थे और ये लोग इजरायल एवं बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे।

इन लोगों ने फ्री गाजा, हम भी गाजा के बच्चे हैं जैसे नारे लगाए। गाजा पट्टी पर बीते 8 महीनों से इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला बोल दिया था। उसके बाद से ही इजरायल की ओर से जवाबी कार्रवाई जारी है। गाजा के खान यूनिस जैसे शहर इजराइली हमलों में तबाह हो चुके हैं। अब इजराइली सेना ने राफा शहर को अपना निशाना बनाया है। उसका कहना है कि हमास के लड़ाकों ने अब यहीं पर अपने ठिकाने बना लिए हैं। ऐसे में उन्हें नेस्तनाबूद करने के लिए हमले जरूरी हैं।

### नेतन्याहू बैकफुट पर, बोले भयानक गलती हुई



तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा के रफा शहर पर हमले में 45 फिलिस्तीनियों की मौत पर पहली प्रतिक्रिया दी है। नेतन्याहू ने कहा है कि रविवार को गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर हुए हमलों में विस्थापित फिलिस्तीनियों का मारा जाना 'भयानक गलती' थी। बता दें कि इस घटना के लिए अंतरराष्ट्रीय जगत में इजरायल की खूब निंदा हो रही है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइली हमले में कम से कम 45 लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हो गए थे।

# भाजपा 200 सीट के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी: खड़गे

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के '400 पार' के दावे को 'बकवास' करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी। खड़गे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बढ़त बना रहे हैं।

3भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी। भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खड़गे ने कहा, ''जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। '400 पार' भूल जाओ, यह 'बकवास' है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'' खड़गे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में "अस्तित्वहीन" है और कर्नाटक में "मजबूत नहीं" है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि प.बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं?" केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खड़गे "अपनी नौकरी गंवा देंगे।' खड़गे ने कहा, ''मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही (लोगों की) सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी की उम्र है।''

### भरेंगे 30 लाख खाली पद

कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में 30 लाख रिक्तियां हैं, अगर 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो सभी पद भरे जाएंगे। युवाओं में नशे की लत की समस्या पर खड़गे ने कहा कि इसे रोकने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है, खड़गे ने कहा, "मोदी हमारे घोषणापत्र को देखते या पढ़ते नहीं हैं। मैंने पहले भी कहा था कि अगर उन्हें इसमें मुस्लिम लीग की छाप दिखेगी तो हम कांग्रेस कार्यालय से एक व्यक्ति उन्हें यह समझाने के लिए भेज देंगे।" उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणापत्र युवाओं, किसानों, मजदूरों और कमजोर वर्गों के लिए है।

**पटना में छात्र नेता की हत्या**

### छात्रों में उबाल, अशोक राजपथ और करगिल चौक पर आगजनी



एजेंसी ▸▸ पटना

छात्र नेता और लॉ के छात्र हर्ष राज की हत्या के विरोध में मंगलवार को भारी संख्या में छात्रों ने पटना के सड़कों पर उतार कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने टायर जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति को तुरंत बदलने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सुबह से ही छात्र सड़क पर उतर आए और अशोक राजपथ को जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान जाम और भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांधी मैदान के समीप कारगिल चौक पर टायर जलाकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे अफरा तफरी रही। हंगामा करने वाले कुछ छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## पेज एक के शेष

### ऊपर खदान धंसी, नीचे...

के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने खदान ढहने से मारे गए आठ मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी। गृह मंत्री के सपडांगा ने बताया, चार गैर-आदिवासी लोगों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है। यदि वे मिजोरम के स्थायी निवासी हैं, तो उन्हें अनुग्रह राशि दी जाएगी। यदि वे अस्थायी रूप से काम करने के लिए यहां आए हैं, तो उनके परिवार को कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। लालदुहोमा ने कहा कि सरकार ने चक्रवात रेमल के परिणामस्वरूप हुई बारिश से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 15 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। बाद में, लालदुहोमा ने आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग के मंत्री सपडांगा के साथ स्थिति का जायजा लेने और बचाव कार्यों की निगरानी करने के लिए पत्थर खदान स्थल का दौरा किया। बारिश के कारण, सभी स्कूल बंद कर दिए गए है और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों को छोड़कर सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है।

### पांच दोस्तों के ....

की एक 20 वर्षीय युवती मार्च 2022 में काम करने केरल गई थी। केरल से वापस आने के बाद वह अपनी बड़ी मम्मी के घर बस से लुड़ेग पहुंची। फिर अपने प्रेमी रसल कुजूर के कहने पर लुड़ेग से लोरो दोफा आई। युवती अपने घर नहीं गई और ना ही घरवालों को बताया कि वह अपने प्रेमी के साथ है। इस दौरान रात्रि में प्रेमी रसल कुजूर ने सहमति से युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया और सुबह चला गया।

**सभी आरोपी गिरफ्तार** : दुष्कर्म करने के बाद निशुल तिर्की और रितेश कुजूर वहां से चले गए। नाबालिग लड़के ने युवती से बोला कि चलो तुमको घर छोड़ देता हूं यह कहते हुए वह युवती को अपने साथ जबरन ले जाने लगा और थोड़ी दूर जाकर एक पेड़ के पास डांड में ले जाकर फिर से उसके साथ दुष्कर्म किया और युवती को छोड़कर वहां से भाग गया। जिसके बाद युवती ने अपनी एक सहेली के घर जाकर अपने साथ घटित घटना के बारे में बताया। उसी समय उसने अपने प्रेमी रसल कुजूर को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। युवती ने बताया कि उसके प्रेमी रसल कुजूर के कहने पर योजना के तहत उसके साथ उसके साथियों ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामले में धारा 376, 376 (डी), 323, 120 (बी) के तहत केस दर्ज कर आरोपी प्रेमी सहित 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें तीन नाबालिग शामिल हैं।

### आठ हजार की ....

की। पीड़ित जमीन मालिक रिश्वत नहीं देना चाहता था। उन्होंने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की। शिकायत का सत्यापन कराया गया। राजस्व निरीक्षक जमीन मालिक को 8 हजार रुपए लेकर 28 मई को व्यापार विहार में बुलाया था।

### नवाज शरीफ का पीएमएल-एन अध्यक्ष चुना जाना तय

**लाहौर**। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ मंगलवार को फिर से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) दल का अध्यक्ष चुना जाना तय है। पनामा पेपर मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद छह साल पहले उन्हें यह पद गंवाना पड़ा था। डॉन अखबार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एक स्थानीय होटल में जनरल कौंसिल की बैठक होने वाली है। ब्रिटेन में चार साल के निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटे 74 वर्षीय नवाज के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। हालांकि पार्टी के 11 सदस्यों ने इस शीर्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएमएल-एन ने पहले 11 मई को जनरल कौंसिल की बैठक बुलाने की घोषणा की थी, लेकिन पाकिस्तान के परमाणु शक्ति बनने के 26 साल पूरे होने के जश्न के मौके पर इसे स्थगित कर दिया गया। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संकेत दिया कि शरीफ बिना किसी विरोध के चुने जाएंगे।

### नेपाल ने मनाया 17वां गणतंत्र दिवस

**काठमांडू**। नेपाल ने मंगलवार को अपना 17वां गणतंत्र दिवस मनाया और इस मौके पर राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने कहा कि संघीय लोकतांत्रिक गणतंत्र प्रणाली ने देश में पूर्ण राजनीतिक अधिकार सुनिश्चित किए हैं। वहीं प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने कहा कि गणतंत्र प्रणाली सिर्फ राजनीतिक प्रणाली नहीं बल्कि एक जीवनशैली भी है। नेपाल की संसद ने 17 वर्ष पहले 2008 में'पीपुल्स मूवमेंट द्वितीय' के सफल समापन के बाद, एक ऐतिहासिक घोषणा के जरिये 240 साल पुराने राजशाही तंत्र को समाप्त कर दिया था।

## राशिफल

**मेष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — परिवार के संग किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है, खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धनलाभ हो सकता है, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है। कला व संगीत में रुचि बढ़ेगी, वस्त्रों पर खर्चा बढ़ेगा।

**सिंह** — मन में निराशा व असंतोष के भाव रहेंगे, आत्म विश्वास में कमी रहेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कन्या** — कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी, भाइयों का सहयोग मिलेगा लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। अनियोजित खर्चें बढ़ेंगे।

**तुला** — घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। लाभ में वृद्धि की संभावना है।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है। आय में वृद्धि होगी लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर** — चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है, किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। वस्त्रादि उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकते हैं। बातचीत में संयत रहें, खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### भारत की मेजर राधिका सेन का संयुक्त राष्ट्र में होगा सम्मान



**संयुक्त राष्ट्र**। कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को एक प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने उन्हें ''सच्चा नेता और आदर्श'' बताया। कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में गुतारेस द्वारा प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं। हिमाचल प्रदेश में 1993 को जन्मी मेजर सेन आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुईं। उन्होंने बायोटेक इंजीनियर के तौर पर स्नातक किया।

### केंद्र सरकार के चलते ग्राहकों का हुआ नुकसान : सावंत

**मुंबई**। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने एमटीएनएल और बीएसएनएल को 4जी/5जी सेवाएं शुरू करने की अनुमति नहीं दी, जिससे ग्राहकों का भारी नुकसान हुआ। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्र सरकार के सभी विभागों के सचिवों और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को दोनों सार्वजनिक उपक्रमों की अधिशेष भूमि और भवन परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण को लेकर लिखा गया संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग के सचिव नीरज मित्तल का 21 मई, 2024 का एक पत्र साझा किया। पत्र में कहा गया है, "केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2019 में बीएसएनएल/एमटीएनएल की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दी जिसमें इसकी अधिशेष भूमि/भवन परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण भी शामिल है। बीएसएनएल की संपत्ति पूरे देश में मौजूद है और एमटीएनएल की संपत्ति मुंबई व दिल्ली में स्थित है।

# उत्तराखंड : चारधाम यात्रा में अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत, केदारनाथ में सर्वाधिक



एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 19 दिन में 62 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। इसमें सबसे ज्यादा 30 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों के वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है।

चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित है। जहां पर ठंड के साथ ऑक्सीजन की कमी से सांस से संबंधित दिक्कतें आती हैं।

### अधिकतर हृदय गति रुकने से हुई हैं मौत

जानकारी के अनुसार अब 12,27,545 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं। इसमें से 62 तीर्थयात्रियों की मौत विभिन्न कारणों से हो चुकी है। ज्यादातर की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। चारधाम यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग जनपद के प्रभारी सचिव और स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है। स्वास्थ्य जांच में जिन श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य ठीक नहीं है उन्हें डॉक्टर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं।

**पुरोहिती के लिए ट्रेनिंग न देने का दिया था निर्देश**

# पोप ने समलैंगिकों पर अपने बयान को लेकर माफी मांगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पोप फ्रांसिस पर समलैंगिक पुरुषों को लेकर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह 20 मई को पोप फ्रांसिस (87) ने एक बंद कमरे में बैठक की थी। यहां उन्होंने समलैंगिक लोगों के लिए इटालियन भाषा के एक बेहद आपत्तिजनक शब्द पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक पुरुषों के लिए 'फेगोट' शब्द का इस्तेमाल किया। पोप फ्रांसिस ने इतालवी बिशप्स को जोर देकर कहा कि वे समलैंगिक पुरुषों को पुरोहिती के लिए ट्रेनिंग न दें।


### समलैंगिकों की शादी को पाप मानते हैं पोप फ्रांसिस

उन्होंने कहा था- मैं इस बारे में फैसला करने वाला कौन होता हूं? वह कई बार चर्च में समलैंगिक लोगों के स्वागत की बात कर चुके हैं। दिसंबर 2023 में पोप फ्रांसिस ने समलैंगिकता पर एक बयान देकर कैथोलिक कट्टरपंथियों को हैरान कर दिया था। पुजारियों को कुछ परिस्थितियों में समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देना चाहिए। हालांकि, कुछ साल पहले ही पोप के ऑफिस ने बयान जारी कर समलैंगिकों की शादी को पाप बताया था।

### एलजीबीटीक्यू समुदाय ने की थी आलोचना

मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि पोप समर्थकों का ये मानना है कि स्पेनिश भाषी देश अर्जेंटीना में जन्मे पोप फ्रांसिस को शायद इस इतावली शब्द का स्पष्ट मतलब न पता हो। भले ही वे इतावली-भाषी घराने में पले-बढ़े हों। फेगोट शब्द को साधारण तौर पर समलैंगिक पुरुषों के कामुक व्यवहार को बताने के लिए किया जाता है। इसकी एलजीबीटीक्यू समुदाय आलोचना करता रहा है। हालांकि विवाद के बाद पोप फ्रांसिस ने माफी मांग ली है। वेटिकन की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पोप का इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अगर किसी को उनकी बात से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए वे माफी मांग रहे हैं।

## शब्द पहेली - 5525



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5524 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 5536

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5535 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## 50 हजार करोड़ रुपए की इस डील से भारत को 26 राफेल एम फाइटर जेट मिलेंगे

# फ्रांस के साथ भारत की डील से कांपेंगे चीन-पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और फ्रांस के बीच राफेल मरीन फाइटर जेट की डील होने वाली है। फ्रांस के अधिकारी भारत आ चुके हैं। 50 हजार करोड़ रुपए की इस डील से भारत को 26 राफेल एम फाइटर जेट मिलेंगे। जानकारी के अनुसार यह बातचीत 30 मई 2024 को होने की संभावना है। फ्रांस की तरफ से आए अधिकारी भारतीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से मिलेंगे।

### तीनों से राफेल की तुलना इस प्रकार

तीनों से राफेल की तुलना समझिए. जे-10 जेट 55.5 फीट लंबा, जे-15 जेट 73.1 फीट और सुखोई-30 जेट 72 फीट लंबा है। जबकि राफेल-एम 50.1 फीट लंबा है। चीन का जे-10 फाइटर जेट को एक पायलट, जे-15 को 1 या 2 और सुखोई-30 को 2 पायलट मिलकर उड़ाते हैं। राफेल को 1 या 2 पायलट उड़ाते हैं। जे-10 का कुल वजन 14 हजार केजी है। जबकि जे-15 का 27 हजार केजी और सुखोई-30 का 24,900 केजी है। जबकि, राफेल का सिर्फ 15 हजार केजी है। यानी हल्का है।



### नेगोसिएशन शुरू होंगे

*डील पक्की होने के बाद फ्रांस 26 राफेल एम फाइटर जेट भारत को देगा। फ्रांस ने इसके लिए जारी टेंडर के हिसाब से पिछले साल दिसंबर में ही अप्लाई किया था। इस फाइटर जेट के आने के बाद भारतीय विमानवाहक युद्धपोतों पर तैनात एमआईजी 29 के फाइटर जेट्स को सपोर्ट मिलेगा। उन पर मौजूद प्रेशर कम होगा। भारत इस डील में फ्रांस से 22 सिंगल सीटर फाइटर जेट और चार डबल सीटर फाइटर जेट खरीदेगा। डबल सीटर फाइटर जेट ट्रेनिंग के लिए काम आएंगे।*

### भारत और चीन के अलावा किसी के पास नहीं एयरक्राफ्ट कैरियर

राफेल-एम एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। दक्षिण एशिया की बात करें तो भारत और चीन के अलावा किसी अन्य देश के पास एयरक्राफ्ट कैरियर नहीं है। चीन के एयरक्राफ्ट कैरियर पर तीन तरह के मल्टीरोल फाइटर जेट तैनात है। पहला जे-10, दूसरा जे-15 और तीसरा सुखोई-30 है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में किया बड़ा दावा

# केजरीवाल और शराब घोटाले के आरोपी के मैसेज मिले

*दिल्ली के सीएम और वकील चौहान के बीच संबंधों का किया दावा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी वकील विनोद चौहान के बीच संबंधों को लेकर ईडी ने कई दावे किए हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप और केजरीवाल के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर सुनवाई शुरू की है।

इसमें डायरेक्ट मैसेज पर बात होने का भी ज़िक्र है। दावा किया गया है कि चौहान की केजरीवाल के साथ जजों से बात करने के मामले में भी बात हुई थी। चौहान को गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आप के चुनाव अभियान के लिए साउथ ग्रुप से नकद रिश्वत ट्रांसफर करने के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने कोर्ट के समक्ष आरोप लगाया कि चौहान से 1.06 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे।



### ईडी ने क्या कहा?

ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल गोवा के 5 सितारा होटल में ठहरे थे जिसका भुगतान एक अन्य आरोपी ने किया था। ईडी ने यह भी दावा किया की विनोद चौहान के साथ डायरेक्ट मैसेज की बातचीत के सबूत भी मौजूद हैं। ईडी ने कहा कि यह बातचीत दिखाती है कि वह चौहान की पोस्टिंग को लेकर जजों से मीटिंग करने की बात कर रहे हैं तो उनके आरोपी के साथ कैसे संबंध हैं?

### चौहान रकम का सोर्स नहीं बता रहे

ईडी के वकील ने कहा कि विनोद चौहान इस पैसे का सोर्स नहीं बता सके थे। फिलहाल वह जेल में हैं। केजरीवाल को भी इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

### केजरीवाल की याचिका पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

दिल्ली शराब नीति घोटाले में केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़वाने की याचिका पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य आधार पर जमानत अवधि 7दिन बढ़वाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

*मानहानि मामले में कोर्ट ने भेजा समन*

### मंत्री आतिशी हाजिर हों...




सीएम केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी की मुसीबत बढ़ गई है। आतिशी को मानहानि केस में कोर्ट ने समन भेजा है। मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू कोर्ट ने आतिशी को 29 जून को तलब किया है। आतिशी ने आरोप लगाया था कि भाजपा द्वारा आप के विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही है। भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मानहानि का केस किया था।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से तबाही भारत 10 लाख डॉलर की सहायता देगा

**भारत इस कठिन समय में अपने मित्र देशों के साथ एकजुटता से खड़ा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पापुआ न्यू गिनी में 24 मई को एक बड़ा भूस्खलन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग दब गए। इस घटना के बाद भारत सरकार ने राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के लिए दस लाख डॉलर की तत्काल राहत सहायता प्रदान करने का ऐलान किया है। पापुआ न्यू गिनी में 24 मई को भूस्खलन के कारण करीब दो हजार लोगों के मलबे में दबकर मरने की आशंका है। राष्ट्रीय आपदा केंद्र ने संयुक्त राष्ट्र को लिखे पत्र में यह जानकारी दी है। यह संख्या पहले के अनुमानों से बहुत अधिक है। इस बीच भारत भारी भूस्खलन की मार झेल रहे पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए आगे आया है।



### भारत सरकार ने जताया दुख

इससे पहले विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन की दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और लोगों के साथ भारत की संवेदनाएं हैं। भारत इस कठिन समय में अपने मित्र देशों के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत सरकार ने द्वीपीय देश में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर की तत्काल राहत सहायता की घोषणा की है।

### पीएम मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की

पापुआ न्यू गिनी फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार है। वहां के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में यह सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कठिन समय में प्रशांत द्वीप देश को हर संभव समर्थन और सहायता देने का वादा किया है।

## छत्तीसगढ़ स्टे. पॉ. डि. कं. लि. राजनांदगांव

क्र. 013/11-00/सामान्य/1417 राज, दिनांक 28/05/2024

### आवश्यक सूचना

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक निम्न तालिका अनुसार दर्शाई गई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी :-

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.05.2024 (गुरूवार) | 11 के.व्ही. टाउन-3 फीडर | जलाराम मंदिर कैलाश नगर, पी.डब्लू.डी. आफिस, गौरी शंकर पेट्रोल पंप, सिटी कोतवाली, महामाया मंदिर, गुरूकृपा चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कीका भाई चौक, इमाम चौक, जुनी हटरी, भगवती फर्नीचर, सुरजन वकील गली, कामठी लाईन, शनि मंदिर, हमाल पारा, रणवीर बीड़ी कारखाना स्टेटबैंक । |
| | | 11 के.व्ही सिटी फीडर | जमातपारा, सोनारपारा, शितला मंदिर, किल्लापारा, बासपाई पारा, सिनेमा लाईन मानव मंदिर चौक अन्नपूर्णा रेस्टोरेन्ट गुरूद्वारा चौक आजाद चौक, गांधी चौक, दिवानपारा, दुर्गा चौक, ब्राम्हण पारा, जयस्तंभ चौक, एवं आस-पास के क्षेत्र । |
| 2 | 31.05.2024 (शुक्रवार) | 11 के.व्ही. कैलाश नगर फीडर | मठपारा, चाकलेट फैक्टरी पेट्रोल पंप, मठपारा रोड, कैलाश नगर, यूनाइटेड हास्पिटल, पुराना बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड, भरका पारा, अग्रसेन भवन, काली मंदिर चौक, कसाई पारा, फुलवारी चौक, रामाधीन मार्ग |
| | | 11 के.व्ही. लालबाग फीडर | जमातपारा, लालबाग, सिंधी कॉलोनी, प्रभात नगर, भदौरिया चौक, महेन्द्र नगर, हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सहदेव नगर एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 3 | 01.06.2024 (शनिवार) | 11 के. व्ही. मोहड़ फीडर | सिंगदई बस्ती एवं खार, मोहड़ बस्ती एवं खार, गाड़ा घाट एवं जंगलेशर । जंगलेशर खैरा, स्वेली भरेगाव |
| | | 11 के. व्ही. कन्हारपुरी फीडर<br>11 के. व्ही. कलेक्ट्रेड फीडर | तुलसीपुर, कलेक्ट्रेड परिसर, न्यायालय, पुलिस लाईन, पुलिस पेट्रोल पंप, ममता नगर एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 4 | 03.06.2024 ( सोमवार) | 11 के. व्ही. बसंतपूर फीडर | मोहारा रोड, नंदई रोड, नंदई बस्ती एवं आस पास के क्षेत्र, नंदई चौक हाट-बाजार, ठाकुर दैया तालाब, नंदई कुआं चौक, कांजी हॉउस, दरोगा चाल, पठान पारा, सदर लाईन, जैन बगीचा, मोहता बिल्डिंग । |
| | | 11 के. व्ही. पनेका फीडर | बजरंग नगर, मोहारा, मोहरा रोड के आसपास के क्षेत्र, पनेका गांव, बांकल । |
| | | 11 के. व्ही. मंडी फीडर | चौखड़िया पारा, बसंतपुर रोड, एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 5 | 06.06.2024 (गुरूवार) | 11 के. व्ही. हल्दी फीडर | सिंगदई बस्ती एवं खार, हल्दी बस्ती एवं खार। |
| | | 11 के. व्ही. मोतीपुर फीडर | बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, रामनगर । |
| 6 | 07.06.2024 (शुक्रवार) | 11 के. व्ही. नेहरू नगर फीडर | नेहरू नगर, भगतसिंग बाड़ी, वृदधा आश्रम । |
| | | 11 के.व्ही. सुन्दरा फीडर | पार्रिकला, सुन्दरा बरती । |
| | | 11 के. व्ही. हॉस्पिटल फीडर | अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ, सागर पारा, दिग्विजय कॉलेज, किल्ला पारा, बसंतपुर थाना क्षेत्र, बासपाई पारा। |
| 7 | 08.06.2024 शनिवार) | 11 के. व्ही. रामदरबार फीडर | नेहरू नगर, एफ. सी. आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, शंकर नगर, एबीस होटल के आसपास का क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी |
| | | 11 के. व्ही. पेन्ड्री फीडर | पेन्ड्री बस्ती, रेवाडीह बस्ती, इस्कॉन सिटी, अटल अवास, निर्धन अवास एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 8 | 09.06.2024 (रविवार) | 11 के. व्ही. नया ढावा फीडर | श्याम रेसिडेन्सी, गणेश पारा, आजाद चौक, मोतीपुर नया ढाबा, पुराना ढाबा एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 9 | 10.06.2024 (सोमवार) | 11 के. व्ही. आर. के. नगर फीडर | जीवन कॉलोनी, मुक्तागिरी, अरबन रेसिडेन्सी, प्रिंसेस काउन, जज कॉलोनी, हरिओम नगर, कलेक्ट्रर बंगला, एबिस अर्पारटमेंट, जीवन विहार, जीवन बी कॉलोनी, प्रिंसेस प्राईड एवं आसपास के क्षेत्र । |
| 10 | 11.06.2024 (मंगलवार) | 11 के. व्ही. शान्ति नगर फीडर | शान्ति नगर गली नं0 01, 02, 03 04 05 शिवनगर । |
| 11 | 12.06.2024 (बुधवार) | 11 के. व्ही. चिखली फीडर | खैरागढ़ रोड, गवरमेंट प्रेस, रमन बजार, शंकरपुर, स्टेशनपारा, मुदलियार कॉलोनी, कुसुम नगर, पान्डुरंग कॉलोनी, रामनगर, मदरसा, पनु बिल्डर्स, एवं आसपास के क्षेत्र । |

टीपः- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।

"असुविधा के लिए खेद है।"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"

आलोक कुमार दुबे (8543001)
कार्यपालन अभियंता ( संचा/ संधा) संभाग
छ.ग.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि राजनांदगांव

## 3000 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की

दिल्ली पुलिस ने दिखाई सख्ती

# अब नहीं बचेगा श्रद्धा वालकर के 35 टुकड़े करने वाला आफताब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को 3000 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें पीड़िता के लिव-इन पार्टनर और आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ मिले ठोस सबूतों का जिक्र किया गया है। चार्जशीट में आफ़ताब पूनावाला की सर्च हिस्ट्री शामिल है, जो घटनाक्रम से मेल खाती है। दिल्ली पुलिस द्वारा दायर की गई सप्लीमेंट्री चार्जशीट में जांच के दौरान एकत्र किए गए कई डिजिटल और फोरेंसिक साक्ष्य शामिल हैं। डिजिटल साक्ष्य में आफ़ताब पूनावाला की गूगल लोकेशन हिस्ट्री शामिल है, जो उन जगहों पर उसकी

### श्रद्धा वालकर की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार

आफताब पूनावाला को 12 नवंबर 2022 को दिल्ली पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में किराये के अपने फ्लैट में श्रद्धा वालकर की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि आफताब ने श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या की तथा उसके शव के करीब 35 टुकड़े किए जिसे उसने घर पर 300 लीटर के फ्रिज में 3 सप्ताह तक रखा। कई दिन तक आधी रात को शहर के विभिन्न इलाकों में फेंकता रहा।

### दोनों की मुलाकात मुंबई में हुई थी

पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच वित्तीय मुद्दों को लेकर आए दिन झगड़ा होता था. ऐसा संदेह है कि दोनों के बीच झगड़ा होने पर ही पूनावाला ने 18 मई 2022 की शाम को 27 वर्षीय श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। श्रद्धा महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई की निवासी थी। इन दोनों की मुलाकात मुंबई में डेटिंग ऐप 'बम्बल' के जरिए हुई थी। इसके बाद उन्होंने मुंबई में एक कॉल सेंटर में साथ काम करना शुरू किया और दोनों के बीच वहीं से प्रेम संबंध शुरू हुए। बाद में वे दिल्ली आ गए थे।

### दिल्ली से मुंबई तक उलझा था मामला

इसमें श्रद्धा वालकर के फोन की गूगल लोकेशन भी शामिल है और यह भी दिखाया गया है कि कैसे फोन दो बार बॉम्बे पहुंचा और जब आफताब को पूछताछ के लिए बुलाया गया तो उसकी हिस्ट्री गायब हो गई। आरोपी आफताब पूनावाला (28) पर अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा वालकर (27) की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े करने का आरोप है।

### चार्जशीट में विस्तृत रिपोर्ट शामिल

*चार्जशीट में डिजिटल साक्ष्यों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी शामिल है, जिसमें आफताब पूनावाला द्वारा "फ्लेयर गन" के इस्तेमाल के बारे में सर्च हिस्ट्री भी शामिल है. उसकी अन्य सर्च हिस्ट्री भी सामने आई घटनाओं से मेल खाती है। चार्जशीट मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष साकेत कोर्ट में दायर की गई है.।*

## चीन : इमारत ढहने से चार की मौत

**ताइपे (ताइवान)।** चीन के एन्हुई प्रांत में एक इमारत के ढहने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी। चीनी मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली। सरकार के स्वामित्व वाले प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' की खबर के मुताबिक, टोंगलिंग शहर में 10 मंजिला इमारत का एक हिस्सा सोमवार दोपहर बाद ढह गया, जिसके नीचे कई लोग दब गये। खबर के मुताबिक, लोगों को बचाने के लिए घंटे भर खोज अभियान चलाया गया। 'सीसीटीवी' की खबर के मुताबिक, इमारत में 12 वर्षीय बच्ची जिंदा मिली, जिसका उपचार किया जा रहा है। इमारत का जो हिस्सा ढहा नहीं है, उसे स्थिर करने के लिए क्रेन और जेसीबी मशीनों को लाया गया है। 'सीसीटीवी' की खबर के मुताबिक, इमारत के ढहने पर किसी अधिकारी ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट, रायपुर

**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

प्र.क्र.- आर.एन./05/आर/अ-6(अ)/39/2024
पेशी दिनांकः- 12/06/2024

प्रति,
1. छबिलाल पिता स्व. झब्बू, 2. छबलाल पिता स्व. झब्बू, 3. बिजलाल पिता स्व. झब्बू, 4. दुरपति पिता स्व. झब्बू, 5. सरस्वती पिता स्व. झब्बू, 6. लखपति पिता स्व. झब्बू, 7. सेवती बेवा स्व. झब्बू
**सभी निवासी ग्राम- मोतीपुर, पोस्ट- सांकरा, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

पुनरीक्षणकर्ता राजेश कुमार आ. रतन लाल निवासी ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं.-8 तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्र.क्र.-आर.एन. /05/आर/अ-6(अ)/39/2024 न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के प्र.क्र. 16/अ-6 (अ)/ वर्ष 2023-24 पक्षकार राजेश कुमार विरूद्ध छ.ग. शासन व अन्य, में पारित आदेश दिनांक 08/02/2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 12/06/2024 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा ।

**राजस्व मण्डल, छ.ग.**
**सर्किट कोर्ट रायपुर**

न्यायालय के आदेशानुसार
रीडर
राजस्व मण्डल, छ.ग.
सर्किट कोर्ट रायपुर

### PUBLIC NOTICE FOR LODGING A CAVEAT

That, the Caveator are working as Sub- Engineer (Civil) with the Department of Water Resource and Department has initiate a proceeding for promotion to the post of Assistant Engineer (Civil). That, the Corporation apprehends that any member of the the prospective candidate may challenge the promotion process before the High Court or any other court of law, therefore, is lodging a caveat application before the High Court and other court of law through its counsel, address of whom is given below :
GHANSHYAM PATEL, Advocate,
Associate of SINHA CHAMBERS
*'Mohan Ganga', Vikas Nagar, [27 Kholi] Bilaspur.[Chhattisgarh]*
*Phone:-07752-405312, Mob. 9827460053*

It is called upon that in case any person files a writ petition before the High Court or any other proceedings before any other court, an advance copy may be served on the above named counsel for an on behalf of Cavetor. Kindly take notice.

**GHANSHYAM PATEL**
**Counsel for and on behalf of CAVETOR**

## राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)

पुजारी पार्क के पास, पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा रायपुर
टेलीफोन नं. 0771-3501122, फैक्स नं. 0771-3501121, ईमेल dir.sfsicg@gmail.com

क्रमांक/रा.न्या.वि.प्र/राय./M-2140/2024
रायपुर, दिनांक 24.05.2024

### // सूचना //

इस कार्यालय के भर्ती विज्ञापन क्रमांक / रा.न्या. वि.प्र. /भर्ती एवं चयन / एम-4712/2023 रायपुर दिनांक 06.10.2023 द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर हेतु वाहन चालक, भृत्य, प्रयोगशाला परिचारक तथा विसरा कटर के कुल 17 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। जिसकी परीक्षा, शेड्यूल अनुसार दिनांक 07.06.2024 एवं 08.06.2024 को होना निर्धारित है। जिसका शेड्यूल निम्नानुसार है-

| स. क्र. | पदनाम | परीक्षा दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | भृत्य | 07.06.2024 | 07.00 से 09:00 बजे पूर्वान्ह |
| 2 | प्रयोगशाला परिचारक | 07.06.2024 | 10:00 से 12:00 बजे पूर्वान्ह |
| 3 | विसरा कटर | 07.06.2024 | 01:00 से 03:00 बजे अपरान्ह |
| 4 | वाहन चालक | 08.06.2024 | 01:00 से 03:00 बजे अपरान्ह |

टीप :- 1. अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड डाउनलोड करने हेतु लिंक पृथक से विभाग के वेबसाईट पर जारी किया जावेगा। अभ्यर्थी समय-समय पर विभाग के वेबसाईट https://fsl.cg.nic.in का अवलोकन करने का कष्ट करें। 2. जगदलपुर, बस्तर संभाग में अल्प संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण बस्तर संभाग के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र रायपुर निर्धारित किया गया है।

संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर छ.ग.

G-242500069/1

## वन विभाग छत्तीसगढ़ बस्तर (सामान्य) वनमंडल, जगदलपुर

### नीलाम विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि, बस्तर सामान्य वनमंडल जगदलपुर के सरगीपाल काष्ठागार में दिनांक 04.06.2024 को इमारती काष्ठ का नीलाम रखा गया है। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, नीलाम में भाग लेकर डिपो में रखी वनोपज की भली-भांति अवलोकन कर नीलाम से संबंधित जानकारी वनमंडल कार्यालय जगदलपुर अथवा काष्ठागार सरगीपाल से कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है, कृपया बोली लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के बाद बोली लगावें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपये, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य है। **वर्ष 2024 का पंजीयन** एवं **फर्म का पेन नम्बर** एवं **जी. एस. टी. नम्बर** की प्रति सत्यंकार कक्ष में जमा करें । **काष्ठागार सरगीपाल नीलाम समय 9.00 बजे प्रातः दिनांक 04.06.2024**

### काष्ठागार सरगीपाल नीलाम में रखे गये वनोपज की मात्रा

| प्रजाति | वनोपज की मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया काष्ठ | | | पुराना काष्ठ | | |
| | घनमीटर (अनुमानित) | बल्ली | डेंगरी | घनमीटर | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सागौन | 0.000 | 0 | 0 | 301.425 | 2234 | 1426 |
| साल | 400.000 | 80 | 150 | 1871.819 | 120 | 230 |
| बीजा | 14.000 | 0 | 0 | 133.001 | 56 | 12 |
| साजा | 227.000 | 0 | 0 | 47.235 | 23 | 0 |
| हल्दु | 18.000 | 0 | 0 | 57.788 | 0 | 16 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| सिवना | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| तिंसा | 2.000 | 0 | 0 | 6.459 | 0 | 0 |
| नीलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 12.000 | 0 | 0 | 13.544 | 0 | 8 |
| अन्य | 24.000 | 0 | 0 | 79.135 | 10 | 0 |
| पाईन | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| अकेशिया | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| मुलायम काष्ठ | 3.000 | 0 | 0 | 23.379 | 0 | 0 |
| **योगः-** | **500.000** | **80** | **150** | **2533.785** | **2443** | **1692** |

पुराना सागौन चट्टा -05 चट्टा

वन मण्डलाधिकारी
बस्तर वन मण्डल, जगदलपुर

G-242500071/1

## भारत सरकार
## कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई. एम. टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

## Government of India
## Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE) IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

### प्रारूप संख्या एसटीके-6
### सार्वजनिक सूचना

**(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)**

सार्वजनिक नोटिस :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2024-25/121 दिनांकः -13.05.2024

**संदर्भः**

1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (4) कम्पनियों का नाम *छत्तीसगढ़* राज्य से हटाने के मामले मेंः

| S No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AA7725493 | U24233CT2021PTC011601 | श्री कार्तिक आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA7780161 | U74999CT2022OPC013070 | पिंक पावर प्रो फिटनेस सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA7682573 | U85300CT2019PTC009363 | परोपकार कार्ड. कॉम प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA7823317 | U72500CT2017PTC008263 | प्लूटस ब्रोकरेज प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

हरिहर साहू
पंजीयक
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

CBC-07123/11/0081/2425

# फुंकवाल ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**भुवनेश्वर।** परमेश्वर फुंकवाल, आईआरएमएस ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। फुंकवाल आईआईटी, कानपुर के पूर्व छात्र रहे हैं और भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1988 बैच के अधिकारी हैं। दशकों के उल्लेखनीय करियर के दौरान उन्होंने डीआरएम, राजकोट, एडीआरएम, अहमदाबाद, अध्यक्ष, आरआरबी और कार्यकारी निदेशक, आरडीएसओ जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दी है। पूर्व तट रेलवे में अपनी नियुक्ति से पहले वे पश्चिम रेलवे, मुंबई में प्रधान मुख्य अभियंता के रूप में पदस्थापित थे।



परमेश्वर फुंकवाल ने आरडीएसओ में अपने कार्यकाल के दौरान ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए ट्रैक और पुलों के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेलवे इंजीनियरिंग के अलावा, फुंकवाल के पास मानव संसाधन कार्यों, अनुसंधान एवं डिजाइन और सामान्य प्रशासन के क्षेत्र का व्यापक अनुभव है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में ट्रैक, ब्रिज और पर्यावरण इंजीनियरिंग पर इनके कई शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने बीजिंग (चीन), कैलगरी (कनाडा) और नई दिल्ली में इंटरनेशनल हेवी हॉल एसोसिएशन (आईएचएचए) सम्मेलनों में भी अपने पेपर प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण और अध्ययन कार्यों के लिए स्वीडन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, चीन, कनाडा, मलेशिया, सिंगापुर और इटली का भी दौरा किया। फुंकवाल की साहित्य में गहरी रुचि है और इनकी कई कविताएँ समकालीन हिंदी साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।

# केएएल एयरवेज, मारक के किए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं : स्पाइसजेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे। स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का




दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा, 'इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं।'स्पाइसजेट ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपीलीय क्षेत्राधिकार के समक्ष किसी भी अपील को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया था और परिणामस्वरूप मामले का निपटारा हो गया था।

### 1300 करोड़ से अधिक मुआवजे की मांग

स्पाइसजेट ने कहा, केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ में अपील की और मुआवजे में समान राशि की मांग की, जिसे अदालत ने फिर से खारिज कर दिया।

## चांदी 3,100 रुपए उछाल के साथ 95,950 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 220 अंक के नुकसान में रहा। निवेशकों ने लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले बिजली, तेल एवं पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली की। लाभ और नुकसान के बीच घूमते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 220.05 अंक की गिरावट के साथ 75,170.45 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई।

## निवेशकों का इंतजार होगा खत्म, रिलायंस जियो इंफोकॉम का लाएगा आईपीओ

**नई दिल्ली।** अरपबति बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कई सारे बिजनेस ऐसे हैं जो भारतीय शेयर बाजार में लिस्ट होने के लिए तैयार हैं। काफी समय से इस समूह के टेलीकॉम से लेकर रिटेल बिजनेस की लिस्टिंग को लेकर चर्चा और अनुमान बने हुए हैं। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक इस बात की सबसे ज्यादा संभावना है कि सबसे पहले रिलायंस जियो इंफोकॉम को पब्लिक मार्केट में आईपीओ के जरिए लिस्ट कराया जा सकता है। अंग्रेजी समाचार पत्र ने भी ये खबर हालांकि सूत्रों के हवाले से छापी है। समाचार पत्र को बताई गई जानकारी में सूत्रों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाकी कारोबार जो अभी लिस्ट नहीं हैं, उनमें से रिलायंस जियो को सबसे पहले पब्लिक मार्केट में उतारा जा सकता है। चूंकि ये बिजनेस बाकी कारोबारों से ज्यादा मैच्योर बिजनेस के तौर पर देखा जाता है, लिहाजा इसे सबसे पहले लिस्ट कराने की योजना पर काम चल रहा है और बातचीत आरंभिक चरणों में चल रही है। सूत्रों ने जानकारी दी कि मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने रिलायंस जियो इंफोकॉम बिजनेस के लिए 100 बिलियन डॉलर की पोटेंशियल वैल्यू हासिल करने के बारे में सोच रही है।

# दिसंबर 2024 तक निफ्टी के 24,500 पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रमुख शेयर सूचकांक निफ्टी-50 आय में 15 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि के साथ दिसंबर, 2024 तक 24,500 अंक के स्तर पर पहुंच सकता है। एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि सूचकांक आगे बढ़कर दिसंबर, 2025 तक 26,500 अंक पर पहुंच सकता है। निफ्टी मंगलवार को 22,888.15 अंक पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले यह अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 23,110.80 पर था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा शाखा एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड ने एक वेब गोष्ठी में कहा कि राजग सरकार के कम से कम 330 सीटों के साथ एक बार फिर केंद्र में वापसी की उम्मीद है। ऐसे में भूमि, श्रम और न्यायपालिका से जुड़े बड़े सुधार होंगे। इससे भारतीय बाजारों में सकारात्मक भावना को समर्थन मिलेगा। एमके इन्वेस्टमेंट ने कहा कि लंबी अवधि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में कटौती, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और चुनावों पर नजर रखी जाएगी।




### लार्ज व मिडकैप में समान निवेश करे

*एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष सोंथालिया ने निवेशकों को भारतीय शेयर बाजारों में लाभ उठाने के लिए लार्ज कैप और मिड कैप में समान निवेश के साथ मल्टी-कैप दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई), सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), और औद्योगिक क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।*

### शेयर बाजार की तेजी के पीछे मजबूत बुनियाद

*शेयर बाजार में मौजूदा तेजी मजबूत बुनियाद और कंपनियों की आय बढ़ने के कारण आई है। शेयर विशेषज्ञों ने यह राय जाहिर करते हुए कहा कि खुदरा निवेशक खरीदारी के मौके का इस्तेमाल अच्छे शेयर जमा करने के लिए कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉरपोरेट बही-खाते पांच साल पहले की तुलना में अब बहुत साफ-सुथरे हैं और क्षमता विस्तार की गुंजाइश है।*

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी**

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल**
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825979, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

### घरेलु कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु पुरुष /महिला कर्मचारीयों (जोड़ी को प्राथमिकता) खाना बनाना-1, साफ सफाई-3, बगीचा -3, चौकीदार-3 कार ड्राइवर-2 रहने के लिए कमरा दिया जाएगा **पता- मकान नंबर 1104, जी.ऐ.डी. कॉलोनी, आनंदम वार्ड सिटी के पास कचना रायपुर 8770597574.**(RO-6256)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### देख- रेख

**आवश्यकता है-** विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर - 7354988225 एड्रेस...होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (RO-6254)

**आवश्यकता है-** कैलाश नगर तितुरडीह दुर्ग रेलवे स्टेशन के पीछे में होम केयरटेकर की आवश्यकता है योग्यता 12th पास **संपर्क 98268-03721.**(आरो न.-1097)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई , जिला - दुर्ग (छ. ग.) पिन कोड - 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं : एम.बी.बी.एस- 5पद, बी.एससी नर्सिंग व GNM व ANM - मेल 10पद और फीमेल 10पद , आई.सी.यू इंचार्ज- मेल 10पद और फीमेल 10पद,बी.ए.एम.एस डॉक्टर- 5 पद, एक्सरे टेक्निशियन -5 पद, लैब टेक्नीशियन -5पद, OT टेक्नीशियन -5पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़के चाहिए- 5पद **संपर्क करें। मो.-99071-27097, 97132-11728.**(आरो न.-6338)

छोटा विज्ञापन

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.**(RO-2770)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है । **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

**आवश्यकता है-** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में आवश्यकता हैं- मेल/ फिमेल की, सुरक्षागार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, फैक्ट्री कर्मचारी, ऑफिस कर्मचारी, हॉस्पिटल कर्मचारी इत्यादि **पता- विहान हॉस्पिटल के पास सड्डू रायपुर** Mob. **8821038605.**(RO-2774)

### इंजीनियर

**आवश्यकता है-** समीर ट्रेडर्स माना बस्ती को अनुभवी ऑटो लेवल इंजीनियर की आवश्यकता है अनुभवी / डिग्रीधारी को प्राथमिकता । वेतन- 25 से 35 हजार अनुभव के आधार पर। **संपर्क समय- दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक लेखु बैस - 09617572600** (RO-6255)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** गिफ्ट स्टेशनरी शॉप में माल खोलने पैक करने लड़कों की आवश्यकता है वेतन 7000/- 7500/- 8000/- 8500/- **डायरी हाउस बंजारी रोड, गोल बाजार रायपुर 9981036253, 9329100996.**(RO-4420)

**आवश्यकता है-** पम्प एवं नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हमाल की सैलरी 15000, **बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-4418)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्क: निर्मल सेल्स, मो. 9300659227, 7566578910.**(RO-7478)

**आवश्यकता है-** युवराज मार्बल एंड ग्रेनाइट में सेल्समैन -2पद, योग्यता 12वी पास , अनुभवी को प्राथमिकता **पता- धमधा नाका ओवर ब्रिज के पास दुर्ग मो- 88788-46666.**(Ro-489)

### ऑफिस ब्वॉय/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ट्रेडर्स दुकान में कार्य करने हेतु ऑफिस ब्वॉय और ट्रैक्टर ड्राईवर की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध, **संपर्क करें:- भाठागांव, रायपुर मोबाइल. 98271-14308.**(RO-2773)

### मीडीया/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती:- PRO, COORDINATOR, COUNSELOR, MEDIA, SOCIAL MEDIA MARKETING, Salary 12000- 40000 onwards, JOB LOCATION- BILASPUR /RAIPUR, Job location:- all Chhattisgarh Contact :- 8770401175, 8770999194.(RO-2775)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** पिकअप बोलोरो चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है लाइसेंस सहित **संपर्क करे - लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिंबर मार्केट , फाफाडीह , रायपुर 9893115637** (RO-1403)

### लेबर

**आवश्यकता है-** तुरंत आवश्यकता है राजनांदगांव के पास फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। (नोट–परिवार सहित रहने वालों को प्राथमिकता)। **संपर्क - 77229-16130.**(Ro-490)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कुशल कंप्यूटर आपरेटर की। आवश्यक योग्यता कंप्यूटर की जानकारी, MS ऑफिस एवं कोरेलड्रा, सैलरी पिछले वेतन से 20% अधिक, ऑफिस एड्रेस Learning Zone New Civic Centre Bhilai, behind Miraj Cinema Shop no.103,104 &106 Mo. 9074133969, 7059321111. (Ro-483)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन 4K से 5K योग्यतानुसार। **मैसेज/कॉल- 79998-47673 समय 11 से 5 तक** (Ro-487)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक (कंप्यूटर कार्य) के लिए युवको की तत्काल आवश्यकता है सैलरी 8,000 प्रतिमाह कार्य समय 11 बजे से शाम 7 बजे। **संपर्क करें:- 9039584784, 9302708426.**(RO-2769)

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वी,12वी ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क **सम्पर्क करें- 8006698797, 9630201208** ((RO-34264)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 15000 से 20000 महीना **सम्पर्क करें बिलासपुर 6266578863, 6265735407, 9685471225.**(RO-1887)

### कम्प्युटर कर्मी/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** R.S ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9300297203.**(RO-2777)

### अन्य

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खा ना फ्री.**7495042110.**(RO-2393)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 9883460031.**(RO-230)

**आवश्यकता है-** (फ्रॉड कॉल से सावधान ) RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP **करें :- 07827428113, 07679699330.** (RO-1320)




## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO-6334)

## Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त** 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. **9993135732.** (Ro-482)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...
**हरिभूमि वैवाहिकी** (प्रति रविवार)



छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** GE रोड पर राजकुमार कॉलेज के पास, रायपुर में फुली फर्निश्ड आफिस एसी, कॉन्फ्रेंस रूम एवं केबिन सुविधा सहित किराए पर उपलब्ध है **सम्पर्क करें- 8896200007.**(RO-34292)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
**जे.जे. हॉस्पिटल**
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# टीम इंडिया का हैड कोच बनने मोदी, शाह, धोनी और सचिन के नाम से पहुंचे फर्जी आवेदन

## हेड कोच के लिए आईं सैकड़ों फर्जी एप्लिकेशन ने बढ़ाई बीसीसीआई की परेशानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया के अगले हेड कोच के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख सोमवार 27 मई थी। बीसीसीआई को इस प्रोफाइल पोस्ट के लिए 3 हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। बीसीसीआई ने इसके लिए अपनी वेबसाइट पर गूगल फॉर्म शेयर किया था, इसके जरिए ही भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच के लिए आवेदन भरना था।

इसीका फायदा उठाते हुए फर्जी आवेदनों की बाढ़ आ गई। किसी ने सचिन तेंदुलकर तो किसी ने नरेंद्र मोदी व अमित शाह तक के नाम से फर्जी आवेदन कर दिया। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अपने एप्लीकेशन भेजने के स्क्रीनशॉट साझा करना शुरू कर दिया।

### दिग्गज हस्तियों के नाम से फर्जी आवेदन

अब, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीसीसीआई को कई फर्जी आवेदकों की जांच करनी पड़ रही है जिन्होंने नौकरी के लिए दिग्गजों के नामों का इस्तेमाल किया है। टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए फर्जी आवेदन करने वालों ने सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तक के नाम का इस्तेमाल किया।

### गूगल फार्म के जरिए करना था आवेदन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के हेड कोच के आवेदन में मोदी, शाह और सचिन जैसे नाम भी आए हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस बार 3 हजार से ज्यादा एप्लीकेशन आए हैं। दरअसल, इस बार आवेदन गूगल फॉर्म के जरिए करना था। ऐसे में जो भी नाम आवेदन के लिए आए हैं उसमें कुछ नाम फेक भी हो सकते हैं। इससे बीसीसीआई का सिरदर्द बढ़ गया है और अब उसे ऐसे नाम छांटने होंगे जो फर्जी हैं।





### गंभीर रेस में सबसे आगे हैं

*बीसीसीआई की लिस्ट में गौतम गंभीर, वीवीएस लक्ष्मण, जस्टिन लैंगर, रिकी पोंटिंग, स्टीफन फ्लेमिंग प्रमुख हैं। बता दें कि इस बीच, आईपीएल 2024 फाइनल के बाद जय शाह और गंभीर की लंबी बातचीत हुई है। इसके बाद से ये कयास लग रहे हैं कि गौतम गंभीर टीम इंडिया के अगले हेड कोच हो सकते हैं। हालांकि, गंभीर ने इस पद के लिए आवेदन किया है या नहीं, ये अब तक साफ नहीं। हालांकि, हाल ही में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उन रिपोर्ट का खंडन किया था, जिसमें दावा किया गया था कि बीसीसीआई की पोटिंग से हेड कोच के लिए चर्चा हुई थी।*

### पिछली बार भी हेड कोच के लिए आए थे फर्जी आवेदन

बीसीसीआई के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया हकि पिछले साल भी, बीसीसीआई को ऐसी प्रतिक्रिया मिली थी जहां काफी फर्जी आवेदन आए थे। इस बार भी कहानी वैसी ही है। बीसीसीआई को गूगल फॉर्म पर आवेदन आमंत्रित करने का कारण यह है कि एक शीट में आवेदकों के नामों की जांच करना आसान है।

### द्रविड़ नहीं बनेंगे दोबारा हेड कोच

ज्ञात हो कि वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दोबारा आवेदन न करने का फैसला किया है क्योंकि वह अब अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। उनका कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद खत्म हो जाएगा। हालांकि शीर्ष पद के लिए वास्तविक आवेदकों के नाम पर कोई आधिकारिक बयान नहीं है, कई हाई-प्रोफाइल पूर्व क्रिकेटरों को इस भूमिका से जोड़ा गया है।

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने आर्मागेडोन में अलीरेजा को हराया

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते।

### भारत ने द.एशियाई टीम खिताब बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** भारत की लड़कियों की अंडर-19 टीम ने कैंडी में मेजबान श्रीलंका को फाइनल में 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा। भारत ने इससे पहले नेपाल को सेमीफाइनल में 3-0 से हराया। सोमवार को हुए फाइनल में भारत की सयाली वानी ने बिमांदी बंडारा को 11-6, 12-10, 11-8, प्रिथा वर्तिकर ने तमादी कविंदया को 7-11, 11-3, 11-7, 6-11, 11-8 जबकि तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरानी को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब जीता।

## टी-20 वर्ल्डकप : भारत-पाक के बीच पहली भिड़ंत 9 जून को न्यूयार्क में

# अमेरिका-वेस्टइंडीज के 9 मैदानों में खिताब के लिए भिड़ेंगी 20 टीमें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत मेजबान अमेरिका क्रिकेट टीम और कनाडा क्रिकेट टीम के बीच 1 जून को होने वाले मुकाबले से हो जाएगी। यह पहला ऐसा संस्करण होने जा रहा है, जिसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें से 8 टीमें सहयोगी देशों की हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम गत विजेता के रूप में अपने खिताब का बचाव करना उतरेगी। पहले चरण के बाद सभी ग्रुप में से शीर्ष-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचेंगी, जहां उन्हें 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जायेगा। फिर दोनों ग्रुप की शीर्ष 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। बतादें कि इस टी-20 विश्व कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यह अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला आईसीसी का बड़ा टूर्नामेंट होने जा रहा है। इसमें 30 टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 9 जून को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की मेजबानी करेगा।




### 9 मैदानों पर खेले जाएंगे कुल 55 मैच

टी20 विश्व कप टूर्नामेंट में 55 मैच होंगे, जिनमें से 16 मैच लॉडरहिल, डलास और न्यूयॉर्क में होंगे। इसके अलावा 6 अलग-अलग कैरेबियाई द्वीपों पर बाकी के मैच आयोजित किए जाएंगे। न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 9 जून को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की मेजबानी करेगा। बारबाडोस 29 जून को फाइनल की मेजबानी करेगा। टी-20 विश्व कप 2024 का पहला सेमीफाइनल मैच 26 जून को त्रिनिदाद को और 27 जून को दूसरा सेमीफाइनल गुयाना में खेला जाएगा।

### दोनों देशों के 9 मैदानों पर खेले जाएंगे मैच

टी-20 विश्व कप इस बार वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त मेजबानी में होने जा रहा है। इस बार 9 मैदानों प्रोविडेंस, न्यूयॉर्क, लॉडरहिल, नॉर्थ साउंड, ग्रोस आइलेट, किंग्सटाउन, तारौबा, डलास और ब्रिजटाउन में मैच खेले जाएंगे। यह अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला आईसीसी का बड़ा टूर्नामेंट होने जा रहा है।

### भारत सहित इन देशों की टीमें दिखाएंगी दमखम

इस टी20 वर्ल्ड कप में भारत सहित इंग्लैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और श्रीलंका ने 2022 के टी-20 विश्व कप के शीर्ष 8 में जगह बनाकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। इसके अलावा टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने भी टिकट हासिल किया।

### क्वालीफायर से ये टीमें आईं

यूरोपीय क्वालीफायरः आयरलैंड और स्कॉटलैंड। पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायरः पापुआ न्यू गिनी। अमेरिका क्वालिफायरः कनाडा। एशियाई क्वालीफायरः नेपाल और ओमान। अफ्रीकी क्वालीफायरः नामीबिया और युगांडा। मेजबानः वेस्टइंडीज और अमेरिका।

### टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया

इस बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है।
ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, कनाडा, अमेरिका, आयरलैंड।
ग्रुप-बीः इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, नामीबिया, ओमान।
ग्रुप-सी : न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, पापुआ न्यू गिनी, युगांडा।
ग्रुप-डी : श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।
पहले चरण के बाद सभी ग्रुप में से शीर्ष-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचेंगी, जहां उन्हें 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जायेगा। फिर दोनों ग्रुप की शीर्ष 2-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

# बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले होगी ऑस्ट्रेलिया 'ए'-भारत 'ए' में भिड़ंत



एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

भारत 'ए' इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने हैं।

इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा, "नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी। रोच ने कहा, "उसका (श्रृंखला का) महिला वनडे के साथ-साथ चलना और उससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' बनाम भारत 'ए' के दो महत्वपूर्ण मैच होना हमारे प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छा होगा।"

### भारतीय पुरुष टीम का ऐसा है शेड्यूल

भारतीय टीम 17 नवंबर से वाका मैदान पर आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेगी। भारत ने 2020-21 में अपने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भी ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मैच खेले थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरुआती टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में होने वाला है। यह 1991-92 सत्र के बाद पहली बार होगा जब इस प्रतिष्ठित श्रृंखला को पांच टेस्ट तक बढ़ाया गया है।

### महिला टीम का वनडे 8 दिसंबर को

भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी लगभग उसी समय ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। दोनों टीमों के बीच आठ दिसंबर को होने वाला दूसरा एकदिवसीय मैच दूसरे टेस्ट की तारीखों से टकरा सकता है।

# रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग सत्र में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया



**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इत्तिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे।

इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररज्जाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष जोड़ी को मंगलवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के शुरुआती दौर में डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड के खिलाफ अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस महीने की शुरुआत में थाईलैंड ओपन सुपर 500 का खिताब जीता था। भारतीय जोड़ी हालांकि विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज जोड़ी के खिलाफ 47 मिनट के संघर्ष में 20-22 18-21 से हार गयी। पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे शीर्ष भारतीय शटलर बुधवार को अपना अभियान शुरू करेंगे।

# प्रीतिस्मिता ने 133 किलो वजन उठाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल की 15 वर्षीय वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने पेरू की राजधानी लीमा में इतिहास रच दिया। विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रीतिस्मिता ने 40 किलो भारवर्ग में कुल 133 (57+76) किलो वजन उठाया।

उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 76 किलो वजन उठाकर 75 किलो का विश्व कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। ओडिशा की ही ज्योत्सना साबर ने इसी भारवर्ग में कुल 125 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता। विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।



HMS सायटिका तेल
शिव सायटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड़डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुख्यार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिटी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर — मो. 7999450384, 7042974029 — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोक्लियेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोनः 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425


वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

www.drorthooil.com • Helpline : 7876977777
Dr. Ortho Oil
घुटना दर्द गर्दन दर्द कलाई दर्द कमर दर्द
जोड़ों के दर्द की बेजोड़ दवा...
Clinically Tested*
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं अपितु लंबे समय तक बना रहता है।

# भारत की जीनियस महिला, जो इंसानी कैलकुलेटर के नाम से थी मशहूर



**नई दिल्ली।** हमारे देश में कई ऐसी शख्सियत रही है, जिन्होंने अपने असाधारण कौशल के दम पर दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई है। महिलाओं ने भी दुनिया में खूब नाम कमाया है। आज हम आपको एक ऐसी ही भारतीय महिला के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनियाभर में इंसानी कैलकुलेटर के नाम से जानी जाती हैं।

इतना ही नहीं इस मशहूर महिला के ऊपर एक बॉलीवुड फिल्म भी बनी है। भारत की पहली प्रसिद्ध महिला गणितज्ञ को बेहतरीन मैथ्स स्किल्स की वजह से 'ह्यूमन कम्प्यूटर' नाम दे दिया गया था। महान गणितज्ञ शकुंतला देवी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज कराया था।

इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही यह वीडियो दरअसल, साल 1982 का है, जब उन्होंने पल भर में दो जटिल संख्याओं को गुणा करके पूरी दुनिया को हैरान कर डाला। इस वीडियो में शकुंतला देवी ने 13 अंकों की दो संख्याओं को मात्र 28 सेकेंड में गुणा कर डाला था। इसके बाद ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ था।

## वीडियो में चुटकियों में जवाब देती नजर आती हैं

सोशल मीडिया पर शकुंतला देवी के कई वीडियो भी देखने को मिलते हैं, जिनमें वह कठिन से कठिन सवालों का भी चुटकियों में जवाब देती नजर आती हैं। इन दिनों भी उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। सोशल मीडिया पर एक बहुत पुराना ब्लैक एंड व्हाइट वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक भारतीय महिला को विदेशी शख्स दो बहुत बड़ी संख्याओं को गुणा करने की चुनौती देता नजर आ रहा है। वीडियो में महिला सवाल का जवाब कुछ ही सेकेंड में बता देती है, जिसके बाद यह घटना दुनियाभर में मशहूर हुई थी। इसके बाद इस महिला को ह्यूमन कैल्क्यूलेटर कहा जाने लगा।

## पश्चिमी देश के लोग भी रह गए थे हैरान

यह महिला कोई और नहीं, बल्कि शकुंतला देवी ही थीं, जिनकी गणना करने के हुनर को देख कर पश्चिमी देश के लोगों भी हैरान रह गए थे। उन्हें इस बात कर कतई यकीन नहीं था कि कोई इंसान भी ऐसा कर सकता है। शकुंतला देवी का जन्म 4 नवंबर 1939 को बेंगलुरु में हुआ था। बचपन से ही उनके अंदर याद करने की असाधारण काबिलियत थी। तीन साल की उम्र से ही वो गणनाएं करने लगी थीं। उनका यह हुनर हर किसी को दंग कर देता था। हैरान करने वाली बात ये है कि बचपन में उन्हें कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली।

# चीन में रहते हैं सबसे ज्यादा नास्तिक लोग

**लंदन।** दुनियाभर में कई धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईसाई धर्म को मानने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। लेकिन, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की भी आबादी है जो किसी भी धर्म और उसके रिवाजों को नहीं मानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 91 प्रतिशत नास्तिकों के साथ चीन शीर्ष पर है। यहां पर सबसे अधिक लोग ऐसे हैं जो किसी भी धर्म को नहीं मानते हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

Divisa
आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
3 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Helps in:
• BURNING
• DRYNESS
• IRRITATION
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
EYE Mantra Plus Eye Relief Drops
10 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे-गुलाब, हरड़, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, तुलसी, पुनरनवा, पुदीना, सुहागा इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा प्लस' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, आंखों का सूखापन, आंखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल बनाने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com

# दिल जीत लेती है इस गार्डन की सुंदरता, हर मौसम में अलग-अलग होता है नजारा



**लंदन।** कनाडा का बुचर्ट गार्डन वास्तव में 55 एकड़ के इलाके में फैले बहुत से छोटे बगीचों का समूह है। जहां हर मौसम में अलग-अलग, लेकिन खूबसूरत नजारे देखने को मिलते हैं।यहां साल भर अलग अलग तरह की गतिविधियों भी होती रहती हैं। एक बार आने के बाद लोग यहां दोबारा आना चाहते हैं।

जब भी कला की बात हो तो आमतौर पर बागवानी का ख्याल नहीं आता है। लेकिन कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया का बुचर्ट गार्डन हम वास्तव में बागवानों और डिजाइनरों के कौशल से चकित करता है। यहां के ड्रेगन के आकार के फव्वारों से लेकर जंगली गुलाब के मेहराबों तक बुचर्ट गार्डन वास्तव में आंख और कान के लिए एक दावत है। यह बागीचा सालभर अद्भुत रहता है, इस हर मौसम के दौरान देखने का अलग ही आनंद मिलता है।

हर साल यहां करीब दस लाख से अधिक टूरिस्ट आते हैं।ये बागीचे दुनिया भर में मशहूर है। ये 55 एकड़ यानी 220,000 वर्ग मीटर में फैले हुए हैं, जो 900 पौधों की किस्मों से भरी हुई है। बुचर्ट गार्डन की सबसे प्रतिष्ठित विशेषताओं में से एक सनकेन गार्डन है। यह जीवंत फूलों, हरियाली और खूबसूरती से सजाए गए लॉन का शानदार नमूना है। लगभग 120 साल पहले तक यह इलाका एक खदान था.

## पौधों की 900 से अधिक प्रजातियों का घर

बुचर्ट गार्डन की सबसे अनोखी बात यह है कि ये पूरे साल बदलता रहता है। हर मौसम में, अलग-अलग फूल खिलते हैं और अलग-अलग पौधे आपको एक अलग नजारा देते हैं। यही कारण है कि भले ही लोग पहले एक बार बगीचों में गए हों, अगर कोई अलग मौसम हो तो वे दोबारा जाने पर विचार जरूर करते हैं। बुचर्ट गार्डन लाखों पौधों का घर है, जो पौधों की 900 से अधिक प्रजातियों का घर हैं! यदि आप फूलों के शौकीन हैं, तो हम वसंत और गर्मियों में जाने की सलाह दी जाती हैं, क्योंकि यही समय बगीचों में सबसे अच्छे फूलों के खिलने का होता है। बगीचों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि साल के हर समय अलग-अलग फूल और पौधे खिलते रहें। बगीचों में जो कुछ भी है उसे देखने के लिए आपको कम से कम 3 से 4 घंटे चाहिए. लेकिन, यहां कम से कम आधा दिन बिताने की सलाह दी जाती है।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
•सिर दर्द (माइग्रेन)
•मिर्गी.लकवा
•ब्रेन ट्यूमर
•ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347 74404 95504
Ajay 9827144371

31 मई विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता सप्ताह (27 मई से 1 जून)
में कैंसर की स्क्रीनिंग पर निशुल्क परामर्श व स्क्रीनिंग टेस्ट में 50% की छूट
स्क्रीनिंग पैकेज • महिला ~~10550/-~~ मात्र 5000/- • पुरुष ~~4980/-~~ मात्र 2000/-
SPECIAL OFFER
• डॉक्टरी परामर्श • कंप्लीट बॉडी एग्जामिनेशन
• ओरल कैविटी चेक अप • ब्लड टेस्ट (CBC, P.S., RBS, PSA)
• एक्स रे, पेट की सोनोग्राफी • यूरीन टेस्ट
• महिलाओं में पेप स्मीयर व ब्रेस्ट की सोनो/मैमोग्राफी
हमारे विशेषज्ञों से मिलने हेतु आज ही संपर्क करें
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
दावड़ा कॉलोनी, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010



Hero
DESTINI PRIME
— GET THE — PRIME ADVANTAGE
56 km/l* BETTER MILEAGE WITH i3S TECHNOLOGY
DIGI-ANALOG SPEEDOMETER FOR ACCURACY
LED GUIDE LAMPS THAT TURN HEADS
MOBILE CHARGING PORT TO STAY CONNECTED
BODY COLORED MIRRORS AND VISOR FOR STYLE
BOOT LAMP FOR CONVENIENCE
Available scooter colors
BOOK A TEST RIDE TODAY
LOW DOWN PAYMENT STARTING AT ₹4999^
ON ROAD PRICE ₹88799~
*Based on the testing report of Govt. certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions.
TOLL FREE NO. 1800-266-0018
WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. ~On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com
Exchange Powered By Wheels of Trust^^ Exchange any old two-wheeler for a new Hero at best resale value. For more details, visit www.wheelsoftrust.com
SCAN FOR BEST RESALE VALUE
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीव: ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com